

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-207 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 26 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

# मानवीय मूल्यों के साथ काम करें विद्यार्थी: मुर्मू

**» एम्स के दूसरे दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति की सलाह**

रायपुर,25 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी विद्यार्थियों को मानवीय मूल्यों के साथ काम करने की सलाह दी. राष्ट्रपति ने कहा कि देश के सभी नागरियों तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के लिए भारत सरकार लगातार काम कर रही है. आयुष्मान योजना से लोग लाभांवित हो रहे हैं. मेडिकल कॉलेज की सीट भी बढ़ाई गई है. नए एम्स बनाए गए हैं. एम्स, कम खर्च में अच्छी हेल्थकेयर और एजुकेशन देते हैं. एम्स से लोगों का विश्वास जुड़ा है, इसलिए दूर दूर से लोग एम्स में इलाज कराने आते हैं।



राष्ट्रपति के मुख्य आतिथ्य में रायपुर एम्स का दूसरा दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। दीक्षांत समारोह में 514 छात्रों को डिग्री बांटी गई. राष्ट्रपति के हाथों एम्स के 10 छात्रों को गोल्ड मेडल दिया गया। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी उनके साथ मौजूद थे। राष्ट्रपति ने कहा कि रायपुर एम्स की स्थापना 2012 में हुई. यहां बेहतर काम हो रहा है. यह संस्थान कुपोषण को लेकर बेहतर काम कर रहा है. सिकल सेल मरीजों की पहचान के लिए शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं. सामुदायिक स्वास्थ की दिशा में अच्छा काम कर रहा है। राष्ट्रपति ने यह भी बताया कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है. उन्होंने सभी स्टूडेंट्स को सलाह दी कि आप सभी को वंचित वर्ग के लिए काम करने को प्राथमिकता देनी होगी. असहाय लोगों की सेवा में हमेशा तत्पर रहें। शनिवार की सुबह राष्ट्रपति मुर्मू रायपुर गायत्री नगर में जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी.फिर भिलाई आईआईटी के लिए रवाना होंगी. राष्ट्रपति भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान यानी आईआईटी भिलाई के चौथे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगी. इसके बाद मुर्मू राजधानी रायपुर वापस लौटेंगी.फिर नवा रायपुर में पंडित दीनदयाल मेमोरियल स्वास्थ्य विज्ञान और आयुष विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगी।



**रायपुर, 25 अक्टूबर।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु दो दिवसीय प्रवास पर आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंची। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु का माना विमानतल पहुंचने पर राज्यपाल श्री रमेन डेका और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव, सांसद रायपुर श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक श्री खुशवंत सिंह साहेब ने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया।

## एलएसी पर पीछे हटने लगीं चीन और भारत की सेना

**नई दिल्ली,25 अक्टूबर।** पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर सैन्य विघटन की प्रक्रिया शुरू हो गई है. 22 अक्तूबर को स्थानीय कमांडर स्तर की मीटिंग देपसांग और डेमचॉक में हुई, जिसके बाद दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्ती को लेकर बीते दिनों एक महत्वपूर्ण समझौता किया, जिसे विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने सीमा पर तनाव कम करने की दिशा में इसे बड़ी पहल बताया. डेमचॉक में भारतीय सैनिक चार्डिंग नाले के पश्चिम की ओर पीछे की ओर जा रहे हैं, जबकि चीनी सैनिक (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) चार्डिंग नाले के दूसरी तरफ यानी पूरब की ओर वापस जा रहे हैं. दोनों तरफ से करीब 10-12 अस्थायी संरचनाओं (टेंपरेरी स्ट्रक्चर) बनाए गए हैं.

## हमारा रिश्ता लेन-देन वाला नहीं आपसी सहयोग और विश्वास का

**जर्मन चांसलर से मोदी की मुलाकात**

**बर्लिन,25 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ से मुलाकात की और द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रित कई मुद्दों पर चर्चा की। मोदी ने अपने आधिकारिक आवास पर स्कोल्ज़ का स्वागत किया और समझा जाता है कि उन्होंने रक्षा, व्यापार और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। स्कोल्ज़ भारत की अपनी तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा के तहत गुरुवार देर रात दिल्ली पहुंचे। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ से मुलाकात पर कहा कि मैं भारत और जर्मनी के बीच 7वें अंतर-सरकारी परामर्श में आपका और आपके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करता हूँ। यह आपकी तीसरी भारत यात्रा है और सौभाग्य से, यह मेरे तीसरे कार्यकाल की पहली आईजीसी है। एक तरह से, यह हमारी मित्रता का तिहरा उत्सव है। उन्होंने कहा कि 2022 में बर्लिन में पिछली आईजीसी में, हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए थे। दो वर्षों में, हमारे सामरिक संबंधों के विभिन्न क्षेत्रों में उत्साहजनक प्रगति हुई है। रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, हरित और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में बढ़ता सहयोग आपसी विश्वास का प्रतीक बन गया है। मोदी ने कहा कि विश्व तनाव, संघर्षों और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में कानून का शासन और नेविगेशन की स्वतंत्रता को लेकर भी गंभीर चिंताएं हैं। ऐसे समय में भारत और जर्मनी की रणनीतिक साझेदारी मजबूत एंकर के रूप में उभरी है। उन्होंने कहा कि यह कोई लेन-देन वाला रिश्ता नहीं है, यह दो सक्षम और सशक्त लोकतंत्रों की परिवर्तनकारी साझेदारी है।

## खालिस्तानी पन्नू ने सीआरपीएफ स्कूलों में धमाके की ली जिम्मेदारी

**नई दिल्ली,25 अक्टूबर।** खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक बार फिर सीआरपीएफ स्कूलों को बंद करने का ऐलान किया है, साथ ही उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की विदेश यात्रा के बारे में जानकारी देने वाले को इनाम देने का भी ऐलान किया है. केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अमित शाह सर्वेसर्वा हैं. पन्नू का बयान उस समय आया है जब खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने दिल्ली के रोहिणी स्कूल में धमाके की जिम्मेदारी स्वीकार की है . खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री सीआरपीएफ के मुखिया हैं और वे हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की साजिश रचने और न्यूयॉर्क में उसकी हत्या करने के लिए लोगों को हायर करने के लिए जिम्मेदार हैं. पन्नू ने धमकी दी है कि अमित शाह के विदेश दौरे के बारे में जो भी खुफिया जानकारी देगा, उसे एक मिलियन डॉलर का इनाम मिलेगा . इसके अलावा, पन्नू ने सीआरपीएफ को स्कूलों से बाहर निकालने की अपील की है क्योंकि वह सीआरपीएफ को अमृतसर में गोल्डन टेम्पल पर हुए हमले का दोषी ठहराता है और 1984 में हुए शिक्षण दंगों का भी दोषी ठहराता है. खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने कहा कि पंजाब के शीर्ष अधिकारी रहे केपीएल गिल और रॉ के पूर्व अधिकारी विकास यादव कई दंगों के लिए जिम्मेदार रहे हैं.

## जवान ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**जगदलपुर,25 अक्टूबर।** बीजापुर जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के पतरपारा में स्थित सीआरपीएफ 199 में पदस्थ प्रधान आरक्षक ने मोर्चा ड्यूटी के दौरान अपने ऊपर 4 से 5 गोली दाग कर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनकर साथी मोर्चा में पहुंचे। जहां जवान की मौत हो गई थी। जवान के पार्थिव देह को पीएम के लिए बीजापुर अस्पताल ले जाया गया, जहां से एम्बोम्बिंग के लिए शव को मेकाज लाया गया। एम्बोम्बिंग के बाद शव को उसके गृहग्राम भेजा जाएगा। मामले की जानकारी देते हुए सीआरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा जिले के रेवाड़ी दाहिना में रहने वाला पवन कुमार 44 वर्ष सीआरपीएफ के 199 बटालियन में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ था, गुरुवार की दोपहर पवन कुमार को मोर्चा ड्यूटी लगाई गई थी। दोपहर करीब 12 बजे के लगभग पवन ने ड्यूटी के दौरान एके 47 से अपने गले, छाती व अन्य हिस्सों में गोली चला ली। अचानक से गोली की आवाज आने से सभी साथी मोर्चा की ओर भागे। जहां प्रधान आरक्षक की मौत हो गई थी। घटना की जानकती लगते ही आला अधिकारियों की टीम भी पतरपारा कैम्प आ पहुंची, जहां जवान के शव को पीएम के लिए बीजापुर जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से जवान के शव के एम्बोम्बिंग के लिए मेकाज भेजा गया है। जवान ने आत्महत्या क्योंकि इस बात की जानकारी किसी भी साथी को नहीं है, लेकिन बताया जा रहा है कि प्रधान आरक्षक कुछ दिनों से किसी बात को लेकर शांत चल रहा था। फिलहाल शव के एम्बोम्बिंग के बाद पार्थिव देह को हरियाणा भिजवाया जाएगा।



## भतीजे का खिलौना तोड़ने पर चाचा ने पड़ोस के मासूम को बेरहमी से पीटा

**बालोद,25 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में एक व्यक्ति ने खिलौना तोड़ने पर पड़ोस के 6 साल के मासूम को बेरहमी से पिटाई कर अधमरा कर दिया. इतना ही नहीं, पिटाई करने के बाद आरोपी ने मासूम को घर के बाहर झाड़ियों में मरने की नीयत से छोड़ दिया. परिजनों के खोजबिन पर बच्चा गंभीर हालत में मिला, जिसके उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के मुताबिक, यह पूरा मामला जिले के अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के देवसरा गांव का है. 6 साल का बच्चा लिकेश साहू खेलने के लिए घर से पड़ोसी के घर गया था. इस दौरान खेल-खेल में उससे एक खिलौना टूट गया, जिसपर वहां मौजूद आरोपी मुकेश साहू (29 साल) ने घर से कुछ दूर सुनसान इलाके में लेजाकर बच्चे को बेहोश होने तक पीटा और उसे गंभीर हालात में वहीं छोड़ दिया. वहीं परिजनों ने स्कूल भेजने के लिए जब बच्चे को ढूंढा, तो वह घर या पड़ोस के घर पर नहीं था. काफी खोजबिन करने पर बच्चा झाड़ियों के बीच गम्भीर रूप से घायल अवस्था में मिला. परिजन तुरंत उसे नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन मासूम की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे भिलाई के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

## तिरुपति के कई होटलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**हैदराबाद,25 अक्टूबर।** तिरुपति के कई होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। कई होटलों को ईमेल के माध्यम से बम की धमकी दी गई है। इन ईमेल में कथित ड्रग तस्करी नेटवर्क के सरगना जाफर सादिक के नाम का जिक्र है, जिसे नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और ईडी ने गिरफ्तार किया था। तिरुपति के लीला महल, कपिलतीर्थम और अलीपिरी के पास तीन निजी होटलों को ईमेल के जरिए धमकियां मिलीं। धमकियों के बाद पुलिसकर्मियों और खोजी कुत्तों ने होटलों में गहन तलाशी ली। पुलिस ने बताया कि यह धमकी एक अफवाह थी। पुलिस अब इन धमकियों के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। बम निरोधक दस्ते ने गुरुवार (24 अक्टूबर 2024) की रात 10 बजे से 2 बजे तक अलग-अलग होटलों की तालाशी ली। लीलामहल के पास तीन होटलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। पुलिस धमकी भरे कॉल की डिटेल का पता करने में जुटी हुई है और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सावधानी बरत रही है। इंस्पेक्टर श्रीनिवासुलु ने कहा, ÷तीन होटलों को बम की धमकी के अलर्ट मिले हैं। ईमेल के संबंध में मामला दर्ज कर अलग-असग एंगल से जांच की जा रही है. हम जल्द ही अपराधियों का पता लगा लेंगे।



## 24 लाख के इनामी नक्सली दंपत्ति समेत 6 ने किया सरेंडर

**सुकमा,25 अक्टूबर।** नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की बढ़ती कार्रवाई और छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं. वहीं आज सुकमा जिले सक्रिय एक नक्सली दंपत्ति सहित 06 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. नक्सलियों ने आत्मसमर्पण का यह कदम ÷छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति÷ और ÷नियद नेल्ला नार÷ योजना से प्रभावित होकर उठाया है. आत्मसमर्पित नक्सली दंपत्ति पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

## नामांकन रैली निकाल भाजपा ने दिखाई एकजुटता

**बाजे-गाजे के साथ सुनील सोनी ने किया नामांकन दाखिल**



मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 25 अक्टूबर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए आज नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी ने रैली निकालकर अपनी राजनीतिक शक्ति व एकजुटता का प्रदर्शन किया। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने का सिलसिला चल रहा है। आज अंतिम तिथि होने के कारण कई निर्दलियों एवं विभिन्न दलों के प्रत्याशियों ने एक-एक सेट नामांकन पत्र जमा किया है। भाजपा के सुनील सोनी ने भाजपा जिला कार्यालय से रैली निकाली जिसमें प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार यहां पर सामान्य प्रेक्षक जी.रेखारानी पहुंच गईं हैं। 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की छंटाई का काम होगा जिसमें अभ्यर्थियों की जाति, आय सहित अन्य प्रमाण पत्रों की जांच होगी। आयोग के निर्देशानुसार 30 अक्टूबर को अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने भी नामांकन का एक सेट जमा कर दिया है।

### बैठकों का दौर जारी

नामांकन पत्र भरने के पश्चात अब कांग्रेस व भाजपा में बैठकों का दौर शुरू हो गया है। भाजपा की ओर से संगठन मंत्री पवन साय, अजय जामवाल एवं बृजमोहन अग्रवाल बैठकें ले रहे हैं। कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनाव लड़ने की नसीहत दी जा रही है। आगामी महीनों में नगरीय निकाय चुनाव होने वाले हैं। लिहाजा संभावित दावेदार सक्रिय हो गए हैं। कांग्रेस और भाजपा के चुनावी रणनीतिकार बूथ लेबल पर ही अधिक से अधिक मतदान कराने की रणनीति बना रहे हैं। कांग्रेस की नजर मुस्लिम बहुल वार्डों पर है। कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अन्य वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दे रहे हैं।

### नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव एक साथ कराने कवायद शुरू

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराने की कवायद शुरू कर दी है। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। आज राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त डॉ. सर्वेश्वर दास भूरे विभिन्न जिलों के कलेक्टरों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन को लेकर आ रही व्यवहारिक दिक्कतों के बारे में चर्चा कर रहे हैं। आयोग के शेड्यूल के अनुसार दावा-आपत्ति की तिथि बढ़ा दी गई है। अब पंचायत स्तर पर भी चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार सक्रिय हो गए हैं। नगरीय निकाय चुनाव के लिए भी पूरी तैयारियां अंतिम चरण पर है। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के कारण अब इन चुनावों की तिथि की घोषणा में विलंब हो रहा है।

## मूर्ति विसर्जन के बाद गंदगी का हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

**बिलासपुर,25 अक्टूबर।** खारून नदी में मूर्ति विसर्जन के बाद छोड़े गए अवशेष एवं सफाई नहीं कराए जाने से संबंधित खबरों पर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने संज्ञान लिया है. चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने नगरीय प्रशासन सचिव समेत अन्य को नोटिस जारी कर पूरे प्रदेश की स्थिति पर व्यक्तिगत हलफनामा पेश करने कहा है. मामले की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस सिन्हा के डिवीजन बेंच ने कहा कि इन खबरों से पता चलता है कि खारुन नदी के किनारे बने तालाब में मूर्तियों के विसर्जन के बाद अवशेष वहीं छोड़ दिए गए हैं. मूर्तियों की मिट्टी और संरचनाएं वहीं रखी हुई हैं. पानी सूख गया है, और दलदल बन गया है. इलाके के बच्चे इस दलदली तालाब में उतरकर खेल रहे हैं. ऐसी स्थिति में छोटी सी चूक भी खतरनाक हो सकती है. सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच ने कहा कि प्रदेशभर में प्रतिमा विसर्जन के लिए तालाब या फिर नदी का चयन किया गया था. जिन जगहों पर प्रतिमा विसर्जन किया गया है, वर्तमान में क्या स्थिति है, सफाई की गई है या नहीं. राजधानी रायपुर जैसी स्थिति तो नहीं है. इसके लिए नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव को व्यक्तिगत शपथ पत्र के साथ पूरी जानकारी पेश करने के लिए कहा. जनहित याचिका की अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 8 नवंबर की तिथि तय कर दी है.



## पुलिस कस्टडी में युवक की मौत के मामले में नया मोड़

**बलरामपुर,25 अक्टूबर।** एनएचएम कर्मी गुरुचरण मंडल की पुलिस कस्टडी में मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है. मृतक के साले बदला गिरी मंडल ने अपने जीजा के साथ-साथ उसके माता-पिता पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए अपनी बहन रीना गिरी के किडनैप या फिर उसे बेचने जाने की आशंका जताई है. वहीं पुलिस को क्लीनचिट देते हुए जीजा की हत्या से इंकार किया है. सेना के मेडिकल कोर में पदस्थ बदला गिरी मंडल ने मीडिया से चर्चा में बताया कि 30 सितंबर को अपनी छोटी बहन से ऑडियो क्लिप मिली था, जिसमें रीना ने गाड़ी में कहीं ले जाने की बात कह रही थी. इसके बाद बहन को खोजने के लिए आया था, इस दौरान 10 अक्टूबर को बलरामपुर एसपी को और 19 अक्टूबर को सरगुजा रेंज आईजी अंकित गर्ग को आवेदन दिया था, जिसमें मामले में बहन के सास-ससुर और पति की गहराई से जांच करने की बात कही थी. मेरा शक और भी इसलिए गहरा गया क्योंकि बहन का मोबाइल लोकेशन ट्रेस किए तो वह झारखंड में मिला था. इस पर मुझे शक है कि या तो मेरी बहन का अपहरण किया गया है, या किसी के हाथ में बेच दिया गया है. उसी संदर्भ में गुरुचरण मंडल से पूछताछ से हो रही थी. बदला गिरी ने बताया कि उसकी बहन चार साल शादी के बाद से ही प्रताड़ित हो रही थी. एक बार तो उसने जहर पी लिया था, जिस पर उसका अंबिकापुर में उपचार कराया था. इस दौरान मैंने उससे अपने पास रहने की बात कही थी, लेकिन उसने पति के साथ ही रहना मंजूर किया था.

## संक्षेप

### चक्रवात 'दाना' का ओडिशा में प्रवेश

**भुवनेश्वर, 25 अक्टूबर।** चक्रवात 'दाना' ने ओडिशा के उत्तरी तटीय क्षेत्र में प्रवेश किया है, जिससे भारी बारिश और तेज़ हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवात की गति 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटा है और इसके आगमन की प्रक्रिया लगातार हो रही है. चक्रवात के मद्देनजर बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बंद कर दिया गया है और सभी उड़ानें स्थगित कर दी गई हैं. आज दिन में धूप और बाद में बारिश होने की संभावना है, तापमान 89 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है. उत्तर ओडिशा में भारी बारिश होने की संभावना है, कुछ स्थानों पर तो अति भारी बारिश भी हो सकती है.

### मुंबई एनसीपी अध्यक्ष समीर भुजबल का इस्तीफा

**मुंबई,25 अक्टूबर।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अब सिर्फ 25 दिन शेष रह गया है। वहीं महायुति गठबंधन में सबकुछ अच्छा नहीं चल रहा है। महायुति गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर पार्टियों के बीच टकराव जारी है। इसी बीच छगन भुजबल के भतीजे और एनसीपी अजित पवार की मुंबई इकाई के अध्यक्ष समीर भुजबल ने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने नांदगांव विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। यह सीट शिवसेना शिंदे गुट के खाते में आई है। शिंदे पहले ही वहां से मौजूदा विधायक सुहास कांडे को उम्मीदवार घोषित कर चुके हैं। समीर भुजबल नंदगांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के इच्छुक थे और वह पार्टी से टिकट की मांग रह थे। एनसीपी के कार्यकर्ता यह सीट समीर भुजबल के लिए मांग रहे थे और एनसीपी कार्यकर्ताओं ने ये भी ऐलान किया था कि वे नंदगांव में सुहास कांडे के समर्थन में काम नहीं करेंगे। हालांकि उनकी नहीं सुनी गई और सीट शेयरिंग फॉर्मूला के तहत ये सीट एकनाथ शिंदे के खाते में चली गई। इसके बाद शिंदे ने यहां से अपनी पार्टी के वर्तमान विधायक सुहास कांडे को टिकट दे दिया।

### दीवार तोड़कर घर के अंदर घुसा बेकाबू ट्रेलर

**जांजगीर-चाम्पा,24 अक्टूबर।** चांपा क्षेत्र के कोसमंदा गांव में बेकाबू ट्रेलर वाहन दीवार तोड़कर घर के अंदर घुस गया है. हादसे के बाद वाहन छोड़कर मौके से ड्राइवर फरार हो गया है. हादसे से घर के 5 लोग बाल-बाल बचे हैं. जानकारी के अनुसार, बेकाबू ट्रेलर वाहन दीवार तोड़कर घर के अंदर घुस गया है. हादसे के बाद वाहन छोड़कर ड्राइवर मौके से फरार हो गया है. बताया जा रहा है कि ट्रेलर वाहन कमरीद गांव से चांपा की ओर जा रहा था. इसी दौरान कोसमंदा गांव में बेकाबू होकर दीवार को तोड़ते हुए घर अंदर घुस गया है. हादसे से घर 5 लोग बाल-बाल बचे हैं.

### आधार कार्ड को उम्र के लिए पर्याप्त दस्तावेज नहीं माना जा सकता: सुको

**नई दिल्ली,25 अक्टूबर।** देश की सर्वोच्च अदालत ने आधार को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय दिया. सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को खारिज कर दिया, जो आधार कार्ड को सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए आयु निर्धारित करने के लिए स्वीकार करते थे. अदालत ने कहा कि आधार को उम्र के लिए प्रयाप्त दस्तावेज नहीं माना जा सकता है. न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने निर्णय दिया कि किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 94 के तहत मृतक की आयु स्कूल छोड़ने के प्रमाण पत्र में उल्लिखित जन्म तिथि से निर्धारित होना चाहिए. पीठ ने कहा कि हमें लगता है कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने, अपने परिपत्र संख्या 8/2023 के माध्यम से, 20 दिसंबर, 2018 को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भेजे गए.

# कलेक्टर ने कुकदूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया



कवर्धा,25 अक्टूबर। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गुरुवार को पंडरिया विकासखण्ड के सुदूर वनांचल क्षेत्र कुकदूर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुकदूर में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर डॉ प्रसंगिना साधु अनुपस्थित मिले। कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अनुपस्थित डॉक्टर के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने निर्देश दिए। यहां बताया गया कि मेडिकल ऑफिसर डॉ साधु अक्सर कार्य में अनुपस्थित रहते है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समुदायिक स्वास्थय केंद्रों के सभी वार्डों की साफ-सफाई और मरीजों की सुविधाओं का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने अस्पताल में दवाइयों की उपलब्धता और चिकित्सकीय सेवाओं की गुणवत्ता पर भी जोर दिया। उन्होंने स्वास्थय विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे मरीजों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करें और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाने का आश्वासन दिया और स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। निरीक्षण के दौरान पंडरिया एसडीएम, बीएमओ सहित जनपद सीईओ उपस्थित थे।

## एक नजर

### निगम आयुक्त ने स्वच्छता अभियान के लिए जोन आयुक्तों को दिए निर्देश



भिलाई, 25 अक्टूबर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में दीपावली एवं छठ पर्व को देखते हुए चारो तरफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत तालाब पार्क चौक-चौराहों सार्वजनिक स्थल आदि जगहों की सफाई चल रहा है। यह भी देखने में आ रहा है कि दीपावली को देखते हुए लोग दीपावली को देखते हुए अपने घरो की साफ सफाई कर रहे है। उससे निकलने वाले कचरे एवं पुराने सामग्री को लेकर सड़क के किनारे फेंक दे रहे है। निगम भिलाई की सफाई अभियान की टीम ट्रेक्टरए ट्राली से जाकर ऐसे कचरो को उठाने का काम कर रही है। जबकि डोर.टू.डोर कचरा कलेक्शन का काम चल रहा है। इस संबंध में मुनादी भी कराई जा रही है कि इधर.उधर कचरा न फेकें। निगम आयुक्त बजरंग दुबे ने सभी जोन आयुक्त एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किये है। कि सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जावे। प्रत्येक जगह का नियमित मॉनिटरिंग की जावे। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जावेगीए सबको अपने.अपने क्षेत्र में सफाई के प्रति चैकन्ना रहना है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने शहर वासियों से अपील कि है कि त्यौहारी सीजन में साफसफाई के दौरान अपने घरो से निकलने वाले कचरे को इधर.उधर सड़क के किनारे व नाली में न फेके। निगम के सफाई मित्र को ही कचरा देवे। अगर घर से ज्यादा कचरा निकलता है तो जोन कार्यालय से संपर्क कर बड़ी गाड़ी को मंगवा कर कचरा दे सकते है। निगम भिलाई आपके सहयोग के लिए तत्पर हैए आप सब भी सहयोग करें।

### पुलिस ने 12 भारी वाहनों पर कार्रवाई की



भिलाई, 25 अक्टूबर। भिलाई यातायात पुलिस ने बुधवार को रात्रि गश्त के दौरान उतई फुंडा मार्ग पर 12 भारी वाहनों पर कार्रवाई की। इन सभी वाहनों में खामियां थीं जिसे दुरुस्त कराए बिना ही उसे चलाया जा रहा था इससे हादसे की आशंका बनी हुई थी। पुलिस ने सभी वाहनों पर कुल छह हजार 800 रुपये का जुर्माना लगाया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि देर रात रात्रि गश्त के दौरान इन सभी वाहनों को पकड़ा गया ग्रामीण क्षेत्र में भारी वाहनों के चलते हो रहे हादसों को देखते हुए वाहनों का जांच किया गया, जिसमें 12 भारी वाहन ऐसे मिले जिनमें तकनीकी खामियां थीं इसके बाद भी उसे सुधारे बिना ही उसका संचालन किया जा रहा था। इसके साथ ही कुछ वाहनों के नंबर प्लेट अस्पष्ट थे और दस्तावेजों में भी कमियां थीं जिसे देखते हुए पुलिस ने उन वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया ।

### ट्रेन इंजन का केबल चोरी, 4 गिरफ्तार

भिलाई, 25 अक्टूबर। भिलाई ट्रेन के इंजन में लगे केबल को हेक्सा ब्लेड से काटकर चोरी करने वाले एक गिरोह के चार आरोपितों को आरपीएफ ने पकड़ा है इनमें एक युवती भी शामिल है गश्त के दौरान आरपीएफ की टीम ने डंप यार्ड के पास भिलाई से सभी आरोपितों को गिरफ्तार किया आरोपितों से कुल 25 फीट केबल जब्त किया गया है जिसकी कीमत 10 हजार 243 रुपये आकी गई है आरपीएफ ने बताया कि सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्रवाई कर रेलवे के न्यायालय में पेश किया है आरपीएफ के एसआइ एमबी साहू के नेतृत्व में एक टीम बुधवार की रात को गश्त पर निकली थी । इस दौरान डंप यार्ड के पास चार लोग संदिग्ध हालत में घूमते हुए दिखाई दिए आरपीएफ की टीम ने चारों युवकों को घेरकर पकड़ा आरोपितों की तलाशी ली गई तो उनके पास से इंजन में लगने वाला केबल मिला पकड़े गए आरोपितों में वसुंधरा नगर भिलाई-तीन निवासी 21 वर्षीय पीयूष भारती, अटल आवास चरोदा 24 वर्षीय निवासी मोहन सागर, वसुंधरा नगर भिलाई-तीन निवासी 22 वर्षीय निकेश यादव और गुरु घासीदास नगर विश्वबैंक कालोनी भिलाई-तीन निवासी 19 वर्षीय दुर्गा गिरी गोस्वामी शामिल हैं पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे लोग इंजन में लगे केबल को हेक्सा ब्लेड से काटकर चोरी कर रहे थे इसके बाद चोरी के सामान को चोर बाजार में बेच देते थे।



कवर्धा। सुबह सुबह मन्नू कुंभकार दिया बनाने में व्यस्त।



कवर्धा । हरमो गांव की नीरू सिंह अधिवक्ता ने हेलमेट लगाकर जागरूकता का संदेश दिया।




कवर्धा। कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत नशा मुक्ति अभियान चलाकर जागरूकता का संदेश दिया।

# यूथ सिख सेवा समिति के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह ने घोषित की कार्यकारिणी

■ जसवंत महासचिव, मलकीत को कोषाध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी



भिलाई, 25 अक्टूबर। यूथ सिक्ख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू ने कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। इसमें जसवंत सिंह सैनी को महासचिव, मलकीत सिंह को कोषाध्यक्ष की जहां जिम्मेदारी दी गई हैं वही रंजीत सिंह, हरनेक सिंह सैनी, करमजीत सिंह बेदी, पवितर सिंह, सरवन सिंह सम्मी को उपाध्यक्ष, विक्रम सिंह, सोम सिंह, मनजीत सिंह बेदी, हरपाल सिंघ, गुरप्रीत सिंह हंस, मनजीत सिंह, अवतार सिंह, जसदेव सिंघ जब्बल, निर्मल सिंघ, जसबीर सिंघ को सचिव बनाया गया है। वहीं कपिल देव संगोत्रा, हरप्रीत भाटिया को मीडिया प्रभारी की जवाबदारी सौंपी गई है। इसके अलावा समाज के उत्थान के लिए शिक्षा समिति, विवाह समिति और खेलकूद समिति भी बनाई गई है। जिसमें शिक्षा समिति में जसविंदर सिंह, एचपी सिंघ उप्पल, गरमीत सिंघ, परमजीत सिंघ गिल एवं निशांत सिंघ को सदस्य बनाया गया है जबकि विवाह समिति का सदस्य रानी कौर, सरवजीत कौर, निर्मल सिंघ, सलबिंदर कौर,मेरिक सिंघ को बनाया गया है। वहीं खेलकूद समिति में अमन सिंह, अर्चना कौर, परमजीत सिंघ, धरमवीर सिंघ, हरजिंदर सिंह को सदस्य बनाया गया है। समिति द्वारा सिख पंचायत के अध्यक्ष जसबीर सिंह चहल, गुरुद्वारा नान सर साहिब जी नेहरू नगर के अध्यक्ष हरविंदर सिंह सैनी, गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह जी सुपेला के अध्यक्ष परमिंदर सिंह रंधावा, गुरुद्वारा श्री गुरू सिंह सभी सेक्टर 6 के अध्यक्ष तारा सिंह, गुरूद्वारा बाबा बुढा जी कोहका के अध्यक्ष सतवंत सिंघ रंधावा, गुरूद्वारा गुरू अर्जन देव जी हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष जसबीर सिंघ सैनी, गुरुद्वारा तेगबहादुर साहेब केम्प 1 के अध्यक्ष बलदेव सिंह, गुरुद्वारा गुरु हरगोबिंद साहिब केम्प 2 के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह चावला, गुरुद्वारा बेबेनानकी जी खुर्सीपार के अध्यक्ष कुलवंत सिंघ, गुरुद्वारा गुरु रामदास जी, न्यू खुर्सीपार के अध्यक्ष इन्दरपाल सिंघ, गुरूद्वारा गुरू नानक नगर के अध्यक्ष तेजिन्दर सिंह, गुरुद्वारा माता गुजरी जी हुडको के अध्यक्ष हरवंश सिंह जब्बल, वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र अरोरा को जहां संरक्षक बनाया गया है वहीं विशेष सलाहकार समिति में हरभजन सिंह चहल, जसपाल सिंघ, बलजिंदर सिंघ कलेर, प्रताप सिंह, रंजित सिंघ रंधावा, अमरजीत सिंघ बल, राजू सिंघ सरपाल को सलाहकार बनाया गया है।

### बाबाओं के भेष में बच्चे के अपहरण का प्रयास, पुलिस ने किया गिरफ्तार



भिलाई, 25 अक्टूबर। नगर के खुर्सीपार क्षेत्र के गणेश मंदिर के पास गुरूवार की सुबह करीब 11 से 12 बजे के आस पास बाबा के भेष दो लोग एक दस साल के बच्चे का अपहरण करने का प्रयास किये। लेकिन बच्चे के सूझबूझ के कारण बच्चा अपहरण होने से बच गया। बच्चे का अपहरण करने वाले दोनो बाबाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# नपा ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई की



जामुल, 25 अक्टूबर। नगर पालिका क्षेत्र जामुल में आज अलसुबह ही अवैध प्लाटिंग पर ताबड़ तोड कार्यवाही की गई। गौरतलब हो कि इस पूर्व अवैध निर्माण कर्ताओं पर भी निर्माण को ध्वस्त कर कार्यवाही किया गया था।अवैध प्लाटिंग कार्रू वार्ड क्र. 02 एवं वार्ड क्र. 20 में बड़े पैमाने पर किया जा रहा था। जिस पर भूमि को टुकड़ो में बाट कर भू-स्वामी का नाम भी लिखा गया एवं मुरूम डालकर रोड संरचना भी किया गया था। जिससे नगर पालिका प्रशासन द्वारा ध्वस्त किया गया। नगर प्रशासन द्वारा बार-बार चेतावनी देने के बाद भी उक्त कार्य किया जा रहा था। जिस पर सख्ती अपनाते हुए नगर प्रशासन अमला ने कार्यवाही करते हुए जब्ती भी बनाया। साथ ही आम जनता को आगाह किया गया कि ऐसे जमीनों की खरीदी न करें। जिससे कि आर्थिक नुकसान के साथ ही प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ें। भूमि क्रय करने से पहले भूमि के संबंध में पर्याप्त जानकारी ले सकते है। कि उक्त भूमि किस प्रायोजन हेतु आरक्षित है। अवैध प्लाटिंग करने वाले के झांसे में बिलकुल न आये। जमीन खरीदने से पहले देख ले कि उस जगह पर सड़क नाली विद्युत पोल की व्यवस्था है कि नहीं। उक्त भूमि का डायवर्सन नगर निवेश शाखा से संबंधित दस्तावेज भूमि उपयोगिता के संबंध में जानकारी नगर पालिका के राजस्व शाखा से भी ले सकते है। क्योकि ऐसे भूमि को क्रय करने में क्रयकर्ता को ही शासकीय कार्योलयों के चक्कर काटने पड़ते है। इस लिए ऐसे अवैध कृत्य करने वालों से सावधान रहे साथी ही इसकी जानकारी भी रखे की भूमि विक्रेता के पास कालोनाईजर लायसेंस है भी कि नहीं। क्योंकि इस प्रकार के भूमि पर निर्माण की अनुमति नही दी जाती। इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेंगी। इसलिए ऐसे जमीन प्लाट भूमि की खरीदी न करें। कार्यवाही के समय कोई भी भू-स्वामी मौंके पर सामने नहीं आये। जिससे अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही जारी रही और आगे भी जारी रहेगी। कार्यवाही मे मुख्य नगर पालिका अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक सहित नगर प्रशासन का तोड़फोड अमला एवं राजस्व शाखा के कर्मचारी उपस्थित थें।

### मैत्री महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता आयोजित



भिलाई, 25 अक्टूबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 23 अक्टूबर को भिलाई मैत्री महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की सहायक महाप्रबंधक श्रीमती स्मिता जैन एवं भिलाई मैत्री महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ अपूर्वा शुक्ला निर्णायक की भूमिका में उपस्थित थे। प्रतियोगिता में नीलम मांझी प्रथम, अल्फ़ा बारा द्वितीय, दुर्गेश कुमार साहू तृतीय व नेहा चंद्राकर को प्रोत्साहन पुरूस्कार प्राप्त हुआ7 इन विजेताओं को 2 नवम्बर 2024 को कला मंदिर में आयोजित के समापन समारोह में पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएग।



### अंधियारखोर गांव में रुद्र महा यज्ञ के साथ ही राम कथा

कवर्धा। अंधियारखोर गांव में हो रही है रुद्र महा यज्ञ और राम कथा में हजारों श्रद्धालु हो रहे है शामिल । मुख्य यजमान में सरपंच संघ उपाध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी और लीना गोस्वामी , संजीत पूरी गोस्वामी और मधु गोस्वामी है ।

### माय भारत पोर्टल का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

भिलाई, 25 अक्टूबर। इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर में माय भारत पोर्टल का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर श्रीमती अलका मेश्राम ने महाविद्यालय के छात्राओं को प्रोत्साहित किया महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ चांदनी मरकाम ने माय भारत पोर्टल का उन्मुखीकरण कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र.छात्राओं को जानकारी प्रदान की। उन्होंने इस दौरान बताया कि किस तरह से पोर्टल में विद्यार्थियों को पंजीयन करवाना है और यह पोर्टल विद्यार्थियों के जीवन को उच्च ले जाने में उनको कितना सहयोग प्रदान कर सकता है। माय भारत पोर्टल के लाभ को बताया उस पर पंजीयन करवाने की प्रक्रिया को बताया और यह भी बताया कि भविष्य में यह पोर्टल हमारे देश को विकसित करने के लिए कितना लाभप्रद हो जाएगा।



### स्काउट्स एवं गाइड्स के तीन दिवसीय शिविर का शुभारम्भ

भिलाई, 25 अक्टूबर। भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग एवं भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ, भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 23 अक्टूबर को स्काउट्स और गाइड्स का तीन दिवसीय शिविर का शुभारम्भ बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर- 4 शाला भवन में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (शिक्षा) एवं जिला मुख्य आयुक्त (स्काउट/गाइड) श्रीमती शिखा दुबे उपस्थित थीं। मुख्य अतिथि श्रीमती शिखा दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्काउट गाइड को अपना आदर्श वाक्य तैयार रहो हमेशा याद रखना चाहिए।

# आईआईटी भिलाई के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



भिलाई, 25 अक्टूबर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई अपना तीसरा और चौथा दीक्षांत समारोह 26 अक्टूबर शनिवार को आईआईटी भिलाई के परिसर नालंदा हॉल में आयोजित करेगा। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी उपस्थित होंगे। इस संबंध में गुरुवार को आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो राजीव प्रकाश ने जानकारी दी। प्रो राजीव प्रकाश ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की आईआईटी भिलाई की पहली यात्रा होगी। प्रो राजीव प्रकाश ने दीक्षांत समारोह की रूपरेखा विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि इस दीक्षांत समारोह में 2023 और 2024 में स्नातक करने वाले 396 छात्रों को डिग्री प्रदान की जाएगी। 2023 बैच के स्नातक छात्रों में 13 पीएचडीए 11 एमएससीए 27 एमटेकए 13 बीटेक ;ऑनर्सद्ध और 123 बीटेक स्नातक शामिल हैं। 2024 के स्नातक वैच में 8 पीएचडीए 20 एमएससीए 19 एमटेकए 12 बीटेक ;ऑनर्सद्ध और 150 बीटेक छात्र शामिल हैं। 00 राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए 80 पुलिस अधिकारियों के साथ 500 से अधिक पुलिस जवान हुए मुस्तैद रू एसपी जिले के एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि शनिवार 26 अक्टूबर को भिलाई आईआईटी में दीक्षांत समारोह में भाग लेने देश की राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मुए राज्यपाल रमेन डेका व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आ रहे है। इनकी सुरक्षा के लिए पांच सौ से अधिक पुलिस जवान और 80 से अधिक पुलिस अधिकारी पूरी तरह से मुस्तैद हैए सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई बार पुलिस रिहर्सल भी कर चुकी है। आईआईटी के चप्पे चप्पे पर पुलिस जवान अभी से तैनात कर दिये गये हैए पुलिस की हर चीज पर पैनी नजर रहेगी। वहीं सेना का हेलिकाप्टर भी जिसमें राष्ट्रपति आ रही हैएवह आईआईटी में गुरूवार को विजिट किया।

# राज्य स्तरीय पठन महोत्सव में प्रधान पाठक विरेन्द्र कुमार साहू सम्मानित



पाटन,25 अक्टूबर। राज्य स्तरीय पठन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन न्यू सर्किट हाउस रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न जिलों के बाल साहित्य लेखक/अनुवादक/पालक तथा बच्चे सम्मिलित हुए। बाल कहानी लिखने पर कहानीकार विरेन्द्र कुमार साहू ग्राम बठेना व शासकीय प्राथमिक शाला-चंगोरी में पदस्थ प्रधान पाठक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर रूम टू रीड के प्रोग्राम ऑपरेशन डायरेक्टर भाग्यलक्ष्मी बालाजी, एससीईआरटी से डिकेश्वर वर्मा, उप संचालक एससीईआरटी से पुष्पा किस्पोट्टा,यूएसएआईडी से डॉ पूनम स्मिथ, खैरागढ़ विश्वविद्यालय से कपिल शर्मा, सुश्री रागिनी सिंह, डाइट कोरिया से अनिल बंजारे, मुकेश रूम टू रीड, मुख्य रूप से उपस्थित थे। यह कार्य स्केलिंग अप अर्ली रीडिंग इंटरवेंशन (स्श्वस्ढ्ढ) प्रोजेक्ट का हिस्सा था,जिसे रूम टू रीड, यूएसएआईडी, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एवं छत्तीसगढ़ शासन के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। साहू जी की रचनाएं निरंतर पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहती है। साहू विद्यालय में कहानी के माध्यम से बच्चों को नैतिक शिक्षा एवं रूचिकर शिक्षा दिया जा रहा है। उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी महिलागे, बीआर सी चौपडिया , संकुल प्राचार्य सुकतेल, संकुल समन्वयक कौशल टिकरिहा, सरपंच श्रीमती यामिनी वर्मा,एस एम सी अध्यक्ष चेतन वर्मा योगेश्वरी वर्मा सहायक शिक्षक, दीपिका बंदे आदि ने बधाई दी है।

# रिसाली बस्ती मैदान का होगा एक करोड़ से सौन्दर्यीकरण



रिसाली। रिसाली महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली परिषद ने रिसाली बस्ती मैदान का सौन्दर्यीकरण करने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई है। इस कार्य में 1 करोड़ 76 हजार की राशि खर्च की जाएगी। प्रस्ताव को स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। महापौर परिषद ने ऐसे जगहों को सहेजने का निर्णय लिया है जहां पर अतिक्रमण की संभावना है। ऐसा ही एक बड़ा एरिया रिसाली मुक्तिधाम के सामने है। वार्ड 31 के इस खाली मैदान को पहले समतलीकरण किया जाएगा। बाद में उसे सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। रिसाली महापौर परिषद ने निगम द्वारा तैयार प्रस्ताव को शीघ्र शासन को भेजने निर्णय लिया है। महापौर परिषद की बैठक में सदस्यों ने राशन कार्ड नवीन पीडीएफ की उपलब्धता और वितरण के मंद गति होने से चिंता व्यक्त की। व्यवस्था में सुधार लाने कहा। बैठक में अनिल देशमुख, एम.डी. जहीर अब्बास, संजू नेताम, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, परमेश्वर कुमार, ममता यादव, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे व निगम के विभाग प्रमुख उपस्थित थे। कुछ वार्डो में सड़क, नाली के कार्य स्थल विवाद की वजह से अटका था। महापौर परिषद ने पटाक्षेप करते हुए न केवल स्थल परिवर्तन किया, बल्कि कार्य को तीव्रता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

# नई सोच,कड़ी मेहनत के साथ संगठन को मजबूत करें: संपत

**एआईसीसी सचिव व छग सह-प्रभारी ने कांग्रेसजनों से चर्चा कर अपने विचार रखे**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 25 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के प्रभारी नियुक्त होने के बाद अपने प्रभार क्षेत्रों में निकले राजनांदगांव पहुंचे और आगामी चुनाव के मद्देनजर 23 अक्टूबर बुधवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व छग सह-प्रभारी एस.ए. संपत कुमार शहर कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आज से नई सोच नया कांग्रेस के संकल्प,कड़ी मेहनत के साथ संगठन को मजबूत करने पर बल देते हुए कहा कि राजनीति में हार और जीत तो लगी रहती है इसमें हताश होने वाली कोई बात नहीं है अपने पूरे मनोबल और पूरी उर्जा के साथ लड़ेंगे। हम जनता के हक और अधिकार के लिए सदैव आवाज बुलंद करेंगे।

जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा अंहिसा के पुजारी पुज्य महात्मा गांधी जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण का विधिवत बैठक की शुरूआत की। इस दौरान कांग्रेसजनों द्वारा अतिथि को फुलमालाओं से स्वागत किया। बैठक में सर्वप्रथम शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा स्वागत भाषण देते हुए कहा कि सबसे पहले तो संगठन की ओर से उपस्थित अतिथि को स्वागत व अभिनंदन करता हूं, विगत दोनों चुनाव में कांग्रेसजन ने कड़ी मेहनत की फिर भी परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं आया। राजनांदगांव के कांग्रेसजन सदैव जनता के हितों के लिए संघर्ष करते आये है। हमारे द्वारा विगत दिनों बिजली की समस्या को लेकर धरना-प्रदर्शन किया जिसका काफी हद तक हमको सफलता भी मिली। हम कांग्रेसजन जनता के हितों को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ लगातार संघर्ष कर रहे हैं और जनहित के मुद्दें को लेकर कांग्रेस सदैव सड़क की लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ती रहेगी।

शहर जिला कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यहां 15 साल से पूर्व मुख्मयंत्री डा. रमन सिंह का क्षेत्र है यहां के हमारे कांग्रेस के कार्यकर्ता 15 साल से लंबी लड़ाई लड़ रहे है और यहां के कार्यकर्ताओं बिना किसी लोभ, लालच के झंडा उठाया हुए है यह इस बात का प्रमाण है कि यहां के कांग्रेसी कितने संघर्षशील है। यहां के कार्यकर्ता की मेहनत को कम नहीं आंका जा सकता। कांग्रेसजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखने को मिल रही है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व छग सह-प्रभारी एस.ए. संपत कुमार कांग्रेसजनों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कांग्रेसजन पिछले चुनाव में भरपूर मेहनत की फिर भी आशाजनक परिणाम नहीं मिले। इनकी हमें समीक्षा कर आगे बढ़ना चाहिए क्योंकि राजनीति में हार और जीत तो लगी रहती है इसमें हताश होने वाली कोई बात नहीं है हम फिर से उठेंगे और पूरी उर्जा के साथ लड़ेंगे। आज 23 अक्टूबर से पहले की बातों को भूलकर आज से सिर्फ यह याद रखे कि हम कांग्रेसी है कांग्रेस के लिए काम करना है। नया अध्याय और नई सोच के साथ पूरी उर्जा के साथ काम करे, संगठन की मजबूती के लिए आम जनमानस को कांग्रेस की रीति व नीति को अवगत कराते हुए नौजवानों को जोड़े। आगामी चुनाव के लिए अभी से एकजुट होकर तैयारी शुरू करे परिणाम सुखद मिलेगा। बैठक को पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व युवा आयोग के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, महापौर हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, श्रीकिशन खंडेलवाल, पीसीसी महासचिव शाहिद खान, मेहुल मारू, ब्लॉक अध्यक्षद्वय आसिफ अली, सूर्यकांत जैन ने संबोधित किया।

बैठक में प्रमुख रूप से डा.आफताब आलम, रमेश राठौर, राजगामी संपदा के अध्यक्ष विवेक वासनिक, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, विकास त्रिपाठी, सविता ठाकुर, मोहम्मद यहया, महामंत्री झम्मन देवांगन, फिरोज अंसारी, हनी ग्रेवाल, शरद खंडेलवाल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, प्रकाश बाफना, रूपेश दुबे, मन्ना यादव, कुसुम दुबे, अशोक फडनवीस, युकां अध्यक्ष गुरभेज माखिजा, अभिमन्यु मिश्रा, रौशनी सिन्हा, कुसुम दुबे, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, सिद्धार्थ डोंगरे, विरेन्द्र चंद्राकर, जयनारायण सिंह, मनीष गौतम, शकील रिजवी, हेमु सोनी, सुरेन्द्र देवांगन, शेषनाथ, चेतन भानुशाली, अनिस खान, सुरेन्द्र गजभिये, हर्ष खोब्रागढ़े, महेन्द्र बहादुर, मदन साहू, मो करीम मेमन, प्रतिमा बंजारे, खिलेश बंजारे, आरबी मिश्रा, अवधेश प्रजापति, राकेश चंद्राकर, नारायण सोनी, राजा यादव, मयंक सोनी, पार्षद मधुकर वंजारी, अमिन हुद्दा, सतीश मसीह, मनीष साहू, पूर्णिमा नागदेवे, मनीष गौतम, अतुल शर्मा, भोला यादव, भरत सोनी, संजय साहू, डा.कुमार, विशु अजमानी, तौसिफ गोरी, तामेश्वर बंजारे, आशीष सोनकर, संदीप जायसवाल, शैलेष ठावरे, राहुल देवांगन, प्रियेश मेश्राम, कोलू कलिहारी, दुर्गेश ढीवर अमित कुशवाहा, फरमान अली, राहुल गजभिये, शौर्य वैष्णव, रूपेश साहू, आशीष रामटेके, नासिर खां, जितेन्द्र सिन्हा, दीनू साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## एक नजर

### जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने ग्रहण की भाजपा की सक्रिय सदस्यता



**खैरागढ़ 25 अक्टूबर।** भाजपा के सदस्यता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को भाजपा कार्यालय में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने सक्रिय सदस्यता फार्म भरकर व नरेंद्र मोदी एप पर निर्धारित शुल्क भुगतान करके जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू को सक्रिय सदस्यता फार्म सौपा इस दौरान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, टी के चन्देल, प्रकाश ठाकुर, रामाधार रजक, शशांक ताम्रकार, परमानंद साहू, कृष्णा वर्मा, सुधीर गोलछा, विकेश गुप्ता, अनिल अग्रवाल, विनय देवांगन, फारुख मेमन, परमानंद साहू सहित भाजपाई उपस्थित थे।

### आगामी दीपावली त्यौहार के मद्देनजर व्यापारीगण को सामान बाहर नहीं निकालने दी गई समझाइश



**राजनांदगांव 25 अक्टूबर।** 24 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा एवं यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री अजय खेस एवं यातायात टीम द्वारा आगामी दीपावली त्यौहार के मद्देनजर बाजार में सभी व्यापारियों को सामान रोड़ पर बाहर न निकालने की समझाईश दी गई। दुकान के बाहर रोड़ में सामान निकाले जाने पर उचित कार्यवाही की जायेगी। साथ ही अपने दुकान में आने वाले सभी ग्राहकों के वाहनों को निर्धारित स्थानों पर ही वाहन पार्किंग कराने समझाईश दिया गया। सभी वाहन चालकों से अपील है कि अपने वाहन निर्धारित स्थल पर ही पार्किंग करें। यातायात व्यवस्था बनाये रखने में यातायात पुलिस का सहयोग करें एवं असुविधा से बचे।

### जलवायु कुशल कृषि एवं प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

**रायपुर, 25 अक्टूबर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित चार दिवसीय एग्री कार्नीवाल - 2024 ''राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी'' के तृतीय दिवस आज 24 अक्टूबर को ''जलवायु कुशल कृषि एवं प्राकृतिक खेती'' पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ पद्मश्री श्री हुकुम चंद पाटीदार, प्रगतिशील कृषक, मानपुर, राजस्थान के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में नेशनल सेन्टर फॉर ऑरगेनिक फार्मिंग, गाजियाबाद के डायरेक्टर डॉ. गगनेश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में जलवायु परिवर्तन के साथ जैविक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया क्योंकि पृथ्वी तापमान बढ़ने के कारण विभिन्न फसलों के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव दृष्टिगोचर हो रहा है अतः इस दिशा में विशेष प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। जिससे मानव के मूलभूत आहार की आवश्यकताओं को निरंतर पूरा किया जा सके।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन और चरम मौसम की घटनाओं के कृषि में प्रभाव को कम करने के लिए उनके अनुकूल और शमन रणनीतियों जैसे जलवायु कुशल कृषि एवं प्राकृतिक खेती का किसानों के प्रक्षेत्र पर क्रियान्वयन हेतु मन्थन कर कार्य योजना बनाना है साथ ही किसानों एवं शिक्षार्थियों के बीच जागरूकता लाना है।

### गुरु पुष्य नक्षत्र का योग श्रेष्ठ फलदायी होता है: मुनि सुधाकर



**रायपुर 25 अक्टूबर।** स्थित श्री लाल गंगा पटवा भवन, टैगोर नगर में गतिमान चातुर्मासिक प्रवास अंतर्गत आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी व मुनिश्री नरेश कुमार जी के सान्निध्य में आज गुरुवार 24/10/2024 को अमृतसिद्धि योग व सर्वार्थसिद्धि योग के साथ ही गुरु पुष्य नक्षत्र का विशेष संयोग जो कई वर्षों में बनता है पर तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर के तत्वावधान में ÷श्री पैंसठिया यंत्र एवं छंद अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जैन धर्म में विशेष रूप से प्रचलित यंत्र और छंद जो प्रतिष्ठित है साथ ही इसके अनुष्ठान से आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होने के साथ-साथ ग्रह शांति ,विश्व शांति ,प्रतिष्ठा की प्राप्ति ,संपत्ति की प्राप्ति, पितृ दोष से मुक्ति, विघ्नों की समाप्ति आदि अनेक लाभ प्राप्त होते हैं ऐसे श्री पै?सठिया यंत्र एवं छंद सिद्धि के लिए दिव्य अनुष्ठान मंत्रों के उच्चारण के साथ किया गया। मुनिश्री ने बताया कि सभी धर्मों के शास्त्र भी कहते ऐसे शुभ योग में की गई साधना जल्दी फलित होती है। अनुष्ठान हेतु यंत्र व छंद आयोजन संस्था द्वारा उपलब्ध कराया गया। अनुष्ठान में अच्छी संख्या में आराधकों ने श्री पैंसठिया यंत्र एवं छंद को मंत्रों के उच्चारण से सिद्ध किया। अनुष्ठान के सहयोगी श्री राजेन्द्र, श्रीमती माया, डॉ. यश जी, महिमा जी सेठिया श्री आदिनाथ ज्वैलर्स रायपुर रहें। अनुष्ठान में विशेष रूप से नरेश पोकरणा, पकंज बैद, निकुंज साचला, विवेक बैद, जय चोपड़ा की सहयोगात्मक सहभागिता रही। संचालन वीरेंद्र डागा व स्वागत आभार रिशव जैन ने किया।

# आयुक्त गुप्ता ने किया एजुकेशन हब निर्माण कार्य का निरीक्षण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 अक्टूबर।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता डीएमएफ की प्रभारी अधिकारी श्रीमती शीतल बंसल, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल के साथ एजुकेशन हब निर्माण कार्य निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ कार्य में तेजी लाकर क्लास रूम एवं हास्टल के कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिये।



एजुकेशन हब निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री गुप्ता के द्वारा निर्माण की प्रगति जानकारी ली गयी, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षा के प्रशिक्षण के लिये डी.एम.एफ. योजनांतर्गत बन रहे एजुकेशन हब में कान्फ्रेस हाल, लायब्रेरी, युवक एवं युवतियों के रहने के लिये अलग अलग हास्टल व पार्किंग आदि बनाया जा रहा है, जिसका अधिकाश कार्य पूर्ण हो चुका है। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि निर्माण कार्य मे विलंब हो रहा है, समय सीमा का ध्यान रखा जाये और कार्य में तेजी लाकर अविलंब पूर्ण कराया जाये। क्लास रूम तथा हास्टल के शेष कार्य जल्द पूर्ण करे, ताकि इसका लाभ विद्यार्थियों को मिल सके और वे प्रतियोगी परीक्षा में सफल होकर मुकाम हासिल कर सके।

आयुक्त श्री गुप्ता ने अधिकारियों से उपयोगिता प्रमाण पत्र के संबंध में जानकारी लेकर अब तक कराये गये कार्यो की डीएमएफ में प्रगति रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिये। जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने कहा कि शिक्षा विभाग के द्वारा भी विद्यार्थियों की सुविधा के लिये कार्य संबंधी प्राक्लन विभाग को भेजा गया है। डीएमएफ की प्रभारी अधिकारी श्रीमती बंसल ने कहा कि कार्य की प्रगति रिपोर्ट के साथ साथ शेष कार्य के स्टीमेंट विभाग को प्रेषित करे, जिससे आगे की कार्यवाही की जा सके और जल्द से जल्द एजुकेशन हब का निर्माण पूर्ण हो सके। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक शिक्षा श्री आदित्य खरे, उप अभियंता श्री अनिमेष चंद्राकर व श्री तिलक राज ध्रुव एवं तकनीकि अमला उपस्थित था।

### हत्या का आरोपी खैरागढ़ से किया गया गिरफ्तार

**राजनांदगांव 25 अक्टूबर।** 23 अक्टूबर को प्रार्थी डोमार पटेल पिता स्व0 कमल सिंग पटेल उम्र 64 वर्ष साकिन शारदा चौक के आगे नाला किनारे शंकरपुर ओ0पी0 चिखली जिला राजनांदगांव का थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि आज दिनांक 23.10.2024 को दोपहर करीब 03:00 बजे मेरा पुत्र निकलेश पटेल उर्फ सोनू मोटर सायकल से छोटू वर्मा नामक लड़का निवासी शंकरपुर के साथ पुराना एस0पी0 आफिस के सामने बल्देवबाग राजनांदगांव स्थित मेरा चाय ठेला में आये थे, कुछ देर बाद दोनो मोटर सायकल से चले गये। थोड़ी देर बाद महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल, रानी अवंति बाई मूर्ति के पास गुपचुप का ठेला लगाने वाला मनोज साहू ने महारानी स्कूल के पास पहुंचने बोला। महारानी स्कूल के पास करीब 03:30 बजे जाकर देखा लोगों की काफी भीड़ लगी थी, मेरा लड़का खून से लथपथ पक्की रोड़ में पड़ा था, शरीर में कई जगह धारदार हथियार के चोट के निशान था पता करने पर छोटू वर्मा पिता ललित वर्मा निवासी शंकरपुर के द्वारा मेरा पुत्र निकलेश पटेल को चाकु मारना पता चला।



## समाचार संक्षेप

### चुनाव को देखते हुए आम आदमी पार्टी का होगा विस्तार



**राजनांदगांव 25 अक्टूबर ।** सन्निकट नगरी निकाय चुनाव और उसके बाद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को देखते हुए आम आदमी पार्टी की सक्रियता बढ़ गई है। पार्टी अपने संगठन के विस्तार के लिए बैठकों का सिलसिला अब शुरू करने वाला है। अरविंद केजरीवाल कि यह पार्टी छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय पार्टी घोषित होने के बाद विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में दमदार प्रदर्शन नहीं कर सकी थी। क्योंकि संगठन में उतनी मजबूती नहीं आई थी। जिसके कारण पार्टी उल्लेखनीय रूप से खाता खोलने से रह गई थी। अब इसे ध्यान में रखते हुए पार्टी के शीर्ष पदाधिकारी गण संगठन को विस्तार देने गंभीरता से विचार विमर्श कर रहे हैं। उनकी योजना सिलसिलेवार बैठके आयोजित करके संगठन को मजबूत बनाने और विस्तार देने के साथ-साथ जनता के हितों में आवाज बुलंद करने की है। राजनंदगांव कवर्धा खैरागढ़ छुईखदान गंडई मोहला मानपुर चारों जिले के आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष भूपेश तिवारी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू के निर्देश द्वारा लगातार राजनांदगांव लोकसभा एवं पूरे प्रदेश में लगातार बैठक जारी है। इसके पूर्व कवर्धा जिला में संगठन विस्तार हेतु मीटिंग रखी गई थी। साथ ही खैरागढ़ में भी मीटिंग रखी गई थी। इसके अलावा मोहला मानपुर व राजनांदगांव में बैठक आहूत की गई थी। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी दुर्ग श्री घनश्याम चंद्राकर एवं प्रदेश संगठन मंत्री तथा संभाग प्रभारी दुर्ग श्री संजीत विश्वकर्मा लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी के तत्वाधान में संगठन विस्तार हेतु निर्देश जारी किया गया है। जिसमें आप सभी राजनांदगांव शहर, जिला, विधानसभा, क्षेत्र के सम्माननीय पदाधिकारीगण, आदरणीय कर्मठ कार्यकर्ता गण विधानसभा सभा अध्यक्ष विधानसभा सचिव राजनांदगांव ज़िला प्रकोष्ठ के समस्त पदधिकारी गण, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक सचिव, ग्राम/वार्ड सचिव एवं सभी सक्रिय कार्यकर्तागण से सुझाव व प्रस्ताव जिला एवं तहसील के विभिन्न पदों पर आमंत्रित किया गया था।

### भाजपा युवा मोर्चा ने डॉ. रमन सिंह के रेफरल कोड में बनाये शहर के 12 स्थानों में 610 सदस्य

**राजनांदगांव 25 अक्टूबर।** 23 अक्टूबर युवा मोर्चा द्वारा सदस्यता अभियान के तहत उत्तर दक्षिण मण्डल मे जिला युवा मोर्चा पदाधिकारी एवं उत्तर दक्षिण मण्डल टीम के द्वारा 610 सदस्य बनाये गए। जिसमे वार्ड न 43 राजीव नगर, गंज मंडी, मोहरा, नंदई, लेबर कॉलोनी, सहदेव नगर, पी टी अस चौक, उत्कल समाज मोहल्ला, ऐबीस फैक्ट्री, तुम्बेड़ीबोड़, जमात पारा,नेहरू नगर रायपुर नाका, लालबाग जिसमे शहर मे अलग अलग स्थानों मे सदस्य बनाने वालो मे प्रमुख रूप से युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, जिला महामंत्री गोलू सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष दव्य पिंटू वर्मा, देवा झा, जिला मंत्री दव्य शिवम् यादव,चिंटू सोनकर, उत्तर दक्षिण मण्डल अध्यक्ष प्रखर श्रुवास्तव, अध्यक्ष सज्जन सिंह ठाकुर, जिला युवा मोर्चा कमलेश प्रजापति,चेतन यादव, सांकेत वैष्णव, कमलेश लहरें,चिंकी श्रीवास्तव, नितेश नायक, मनीष यादव,विजेंद्र आर्या, अभिषेक यदु,टिकेश्वर सिंह,रवि बंजारे,रोहित सिन्हा, नरेन्द्र देवांगन की 610 प्लस की संख्या मे सदस्यता कराने मे प्रमुख भूमिका रही है। जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने बताया जिलायुवा मोर्चा पदाधिकारीयों ने 190,उत्तर मण्डल 270, दक्षिण मण्डल मे 150 सदस्या की गई है।



### एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने छत्तीसगढ़ में शुरू किया 'होलिस्टिक रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम'

**रायपुर 25 अक्टूबर।** भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपने सीएसआर कार्यक्रम तपरिवर्तन के तहत, आज छत्तीसगढ़ में तीन नए स्थानों में अपनी प्रमुख पहल, 'होलिस्टिक रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम' (एचआरडीपी) के शुभारंभ की घोषणा की। एचआरडीपी पहल से कोण्डागांव, दंतेवाड़ा और सुकमा जिलों के 14,000 से अधिक परिवारों को लाभ मिलेगा। महासमुंद जिले में एक फोकस्ड डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) के तहत, बैंक लगभग 1400 युवाओं को स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रदान करेगा, जिसमें 80त्न प्रतिभागियों को नौकरी का प्लेसमेंट भी मिलेगा। ये पहल तीन वर्षों की अवधि के लिए शुरू की जा रही हैं और वित्त वर्ष 27-28 में समाप्त होंगी। एचडीएफसी बैंक की सीएसआर हेड सुश्री नुसरत पठान ने कहा, ÷एचडीएफसी बैंक छत्तीसगढ़ में समाज के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध है, और 'होलिस्टिक रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम'(एचआरडीपी) के माध्यम से, हम हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाने में अपना योगदान देना चाहते हैं। भारत के सबसे अविकसित जिलों में से एक, दंतेवाड़ा में, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले कई परिवार हैं।




# मातृशक्ति को भाजपा ने दिलाया आरक्षण और सम्मान:परवेज अहमद

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 25 अक्टूबर।** भाजपा के सदस्यता अभियान महापर्व के तहत ग्राम मोखला और धीरी में आयोजित कार्यक्रम में मातृ शक्तियां भी शामिल हुईं। उन्होंने यहां अतिथियों की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली। महिलाओं ने कहा कि, भाजपा ने हमे राजनीति में सहभागिता का मौका मुहैया कराया है। राज्यसभा, लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण भी भाजपा ने ही दिलाया। सभी वर्गों को सम्मान और अवसर मुहैया कराने वाली विचारधारा ही भाजपा की सबसे मजबूत कड़ी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने बताया कि, राजनांदगांव विधानसभा के ग्रामीण इलाके में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को कार्यक्रम में पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल बतौर अतिथि शामिल हुए। उन्होंने यहां नए सदस्यों से मुलाकात की और उनका स्वागत किया। मातृ शक्तियों को नमन करते हुए उन्होंने इसे 21वीं सदी की भारतीय राजनीति में महिलाओं की सच्ची सहभागिता करार दिया।



परवेज अहमद ने बताया कि, दोनों ही गांव में हर उम्र वर्ग की महिलाओं ने भाजपा पर भरोसा जताया है। महतारी वंदन योजना, उज्जवला योजना से वे भाजपा के विकास के इरादे समझ चुकी हैं। युवाओं और पुरुषों में भी भाजपा से जुड़ने का उत्साह है। आज उक्त कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोग जुटे और भाजपा की सदस्यता उन्होंने ली। परवेज ने कहा कि, आने वाले दिनों भी यह अभियान जारी रहेगा और अधिक से अधिक गांवों तक पहुंचकर लोगों को भाजपा की विचारधारा से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान ग्राम मोखला और धीरी में शक्ति केंद्र सह संयोजक हुमेश्वर प्रसाद, बूथ अध्यक्ष त्रिलोचन साहू, कल्याण साहू, हेमशंकर साहू, गैंदलाल साहू, तिलकराम साहू, भगतराम निषाद, जनकराम साहू, हिमांशु साहू, यादव राम निषाद, नारदराम, गिरवर राम, भोलाराम, खुमान व अन्य ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# कलेक्टर और एसपी ने मोटर सायकल पर सवार होकर अतिसंवेदनशील वनांचल क्षेत्र का किया दौरा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 25 अक्टूबर।** विकास खंड के अति संवेदनशील छेत्र के गांव में शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत को देखने कलेक्टर नम्रता गांधी और एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने ग्राम चंदनबाहरा, फरसगांव, ठोठाझरिया, बिरनासिल्ली का मोटर सायकल पर सवार होकर दौरा किया। इस दौरान कलेक्टर के साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने इन गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से रू-ब-रू चर्चा की और फसल चक्र परिवर्तन के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि आने वाली पीढ़ी को पानी के कमी का सामना ना करना पड़े, इसके लिए हमें गिरते हुए भूजल स्तर को ध्यान में रखकर जल संरक्षण की दिशा में कार्य करना है। कलेक्टर ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए फसल चक्र परिवर्तन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन धान के बदले आप सभी दलहन, तिलहन और नगदी फसल लें। इसके लिए कलेक्टर ने जिले के परसतराई और रावां आदि गांवों के किसानों का उदाहरण भी दिए, जिन्होंने स्वप्रेरणा से फसल चक्र परिवर्तन को अपनाया और भूजल स्तर बढ़ाने में सहभागी बनें। इस दौरान आंगनबाड़ी, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों के निर्माणाधीन आवास, सड़क और स्कूल का मुआयना किया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



**अधिकारी-कर्मचारियों ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया सम्मान**

# कलेक्टर एस जयवर्धन को जिले के अधिकारी-कर्मचारियों ने दी विदाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 25 अक्टूबर।** जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के प्रथम कलेक्टर एस जयवर्धन का जिला सूरजपुर स्थानांतरण होने पर जिला प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारियों ने आज भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर कलेक्टर एस जयवर्धन के नेतृत्व, मार्गदर्शन और शिद्दत को याद कर जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों की आंखें नम हुई। अधिकारी-कर्मचारियों ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में यहां अधिकारी-कर्मचारियों के साथ किए गये उल्लेखनीय कार्यों को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि सभी के संयुक्त प्रयास और सकारात्मक सहयोग से नवीन जिला होने के उपरांत भी अपेक्षित प्रगति हासिल किया जा सका है। उन्होंने कहा कि वे प्रथम बार जिला कलेक्टर बनकर यहां पदस्थ हुए। उनके लिए यह सुनहरा मौका था कि जिले में विकास की नींव रखे। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक तौर पर कार्य के दौरान अनेक कठिनाइयों और चुनौतियां आते रहती है। सभी के सकारात्मक सहयोग और प्रयास से सभी क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने में कामयाबी मिला। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर आप सभी से मीले सानिध्य और सहयोग हमेशा यादगार रहेगा। उन्होंने कहा कि यहां पहली बार कलेक्टर का दायित्व मिला। नवीन जिला होने के चलते अनेक चुनौतियां थी। सभी अधिकारी-कर्मचारियों के साथ मिलकर जिले को स्थापित करने में सहयोग मिलाहै। उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारियों के खुशहाल और स्वस्थ्य जीवन की कामना की।



इस अवसर पर विदाई समारोह को संबोधित करते हुए संयुक्त कलेक्टर श्रीमति प्रेमलता चंदेल ने कलेक्टर के साथ किए गये उल्लेखनीय कार्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि आपके साथ काम करने का एक अच्छा अनुभव मिला है। उन्होंने कहा कि आपके मार्गदर्शन और उत्कृष्ठ नेतृत्व में काम करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि आप बहुत ही सौम्य, सहज सरल व्यक्तित्व के धनी है। अपकी कार्यशैली में किसी भी क्षेत्र में गहराई में जाकर नियमों के साथ काम करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि आपके सफल नेतृत्व के चलते जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को नई ऊंचाइयां तक ले जाने का रास्ता खुला है। निश्चित रूप से आपके द्वारा किया गया उत्कृष्ट कार्य जिले को अपनी पहचान स्थापित करने में मिल का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर ने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आपने सभी को साथ लेकर खुशनुमा माहौल में काम करने का जो माहौल तैयार किया वह सभी अधिकारी कर्मचारियों के लिए ऊर्जा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आपने हर चुनौतियों को सहजतापूर्वक संपन्न कराया है। आपके कार्यकाल के दौरान अनेक विषयों को बारीकी के साथ सीखने का अवसर मिला है। आपके साथ जो सिखने को मिला है, वह जिम्मेदारी को आगे भी निर्वहन करने में सहयोग करेगा।

संपादकीय

# देर से सही चुनाव लड़ने की अनुमति तो मिली

राजनीति में वैसे तो कई राजनीतिक घराने हैं.जिनकी दूसरी,तीसरी पीढ़ी राजनीति में है। सबसे पुराना राजनीतिक घराना है गांधी परिवार का। इनकी चौथी पीढ़ी राजनीति में है। सोनिया गांधी के बाद राहुल गांधी को राजनीति में लाया गया था । अब प्रियंका गांधी को भी चुनाव लड़ने की अनुमति मिल गई है। राजनीति के क्षेत्र में तो वह काम दो तीन दशक से कर रही थीं, वह संगठन का काम देखती थी और सोनिया गांधी चुनाव लड़ती थी तो उनका प्रचार का जिम्मा देखती थीं, उनको कई राज्यों में पार्टी को जिताने का काम भी सौंपा गया था लेकिन वह उसमें खास सफल नहीं हुई। यूपी में तो वह बुरी तरह असफल रहीं। तब कांग्रेस एक या दो सीट ही जीत सकी थी और वोट भी अब तक का सबसे कम मिला था। प्रियंका गांधी व उनके पति तो चाहते थे कि चुनावी राजनीति में उनको भी मौका दिया जाए। लेकिन परिवार की तरफ से उनको अनुमति ही नहीं मिल रही थी। माना जाता है कि सोनिया गांधी की इसके लिए राजी नहीं थी क्योंकि वह इसे राहुल गांधी के लिए ठीक नहीं मानती थी। इससे पार्टी दो भागों में बंट सकती थी, कुछ लोग राहुल गांधी के साथ तो कुछ लोग प्रियंका गांधी के साथ होते। इससे पार्टी में जो गुटबाजी है, वह और बढ़ती। जब प्रियंका गांधी को चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं मिल रही थी तो तब भी राजनीतिक हल्कों में कई सवाल उठाए जाते थे, अब जब उनको वायनाड से चुनाव लड़ने की अनुमति मिल गई है तो भी कई सवाल लोगों के मन में हैं कि अब प्रियंका गांधी को अनुमति दी गई है तो किसलिए दी गई है। क्या राहुल गांधी से परिवार से जिस सफलता की उम्मीद कर रहा था, वह सफलता राहुल गांधी को अब तक नहीं मिली है, इसलिए प्रियंका गांधी को मौका दिया गया है। क्या राहुल गांधी पार्टी को सही तरीके से चला नहीं पा रहे है, वह निरंतर गलत फैसले ले रहे हैं, इसलिए उनको धीरे-धीरे किनारे कर प्रियंका गांधी को कमान सौंपने की तैयारी है। क्या सोनिया गांधी अब चाहती हैं कि भाई बहन दोनों पूरे देश में कांग्रेस की राजनीति को दिशा दें। क्या वह चाहती हैं कि उत्तर भारत में राहुल गांधी पार्टी की राजनीति करें और दक्षिण भारत में प्रियंका गांधी करें। राहुल गांधी उत्तर भारत क राजनीति में कमजोर पड़े तो दक्षिण में ज्यादा सीटें जिताकर प्रियंका गांधी उनकी मदद करें। क्या सोनिया गांधी ने तय कर लिया है कि अब भाई बहन को अलग अलग क्षेत्र राजनीति के लिए सौंप दिया जाना चाहिए। अब तक राहुल गांधी अकेले थे तो पूरे भारत की राजनीति वही देखा करते थे और फैसला किया करते थे, अब बहन भी मैदान में आ गई है तो आने वाले दिनों में दोनों में राजनीतिक क्षेत्र का बंटवारा तो करना ही पड़ेगा। राजनीतिक क्षेत्र भी संपत्ति की तरह होता है, उसका भी परिवार में बंटवारा होता है।लोगों के मन में और भी कई तरह के सवाल है, जिनका उत्तर अभी तो नहीं मिला है लेकिन आने वाले दिनों में जरूर मिलेगा। जहां तक सवाल प्रियंका गांधी का है तो उन्हें कांग्रेस का ही एक वर्ग ऐसा है जो राहुल गांधी से बेहतर नेता मानता है, चाहे वह फैसला लेने की बात हो, चाहे वह कुछ कहने की बात हो, चाहे विपक्षी नेताओं को समझने व समझाने की बात हो। लेकिन प्रियंका गांधी ने कई फैसले सही किए हैं तो कई फैसले गलत किए हैं। यानी उनके सारे फैसले सही साबित नहीं हुए हैं। उनके फैसलों से कई राज्यों में कांग्रेस को बहुत नुकसान हुआ है जैसे पंजाब में उन्होंने सिध्दू को बढ़ावा देकर पंजाब में पार्टी को ही बरबाद कर दिया।राजस्थान,छत्तीसगढ़ व मप्र में उन्होंने एक गुट को बढ़ावा दिया और उसका खामियाजा चुनाव में हार के रूप में भुगतना पड़ा। सोनिया गांधी ने राहुल गांधी जैसी अपेक्षा की थी वह राहुल गांधी बीस साल में पूरी नहीं कर सके है, सोनियागांधी चाहती थी कि राहुल गांधी एक बार लोकसभा चुनाव में पार्टी को ज्यादा सीटें दिलाकर साझा या बहुमत की सरकार बनाए लेकिन वह ऐसा करने में सफल नहीं हुए हैं। लोकसभा का तीसरा चुनाव भी हारने से हो सकता है कि सोनिया गांधी बहुत निराश हों। इसलिए परिवार ने प्रियंकागांधी को चुनाव लड़ाने का फैसला किया है, प्रियंका गांधी को भी राहुल गांधी की तरह कुछ मौके मिलेंगे अगर वह आने वाले दिनो में राज्यों के चुनाव में भी पार्टी को बड़ी सफलता दिलाती हैं तो उनके लिए आगे का रास्ता साफ हो जाएगा। उन्होंने एक बार यूपी में नारा दिया था कि लड़की हूं लड़ सकती हैं।यूपी में तो उनका नारा महज नारा बनकर रह गया था। आन वाले दिनों में अगर वह इस नारे पर अमल करती हैं और विपक्ष को एकजुट कर मोदी सरकार व भाजपा से खूब लड़ती है और जीतती हैं तो यह सोनिया गांधी के लिए भी खुशी की बात होगी और पार्टी के लिए भी खुशी की बात होगी। कांग्रेस को मजबूत करना है तो प्रियंका गांधी को विपक्ष को कांग्रेस के नेतृत्व में एकजुट करना हौगा, सबको पीछे चलने के लिए राजी करना होगा। हर चुनाव जीतना होगा। यह कठिन चुनौती है, यह काम राहुल गांधी दस साल में नहीं कर सकें है। विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व को स्वीकार नहीं करता है, इसलिए विपक्ष पीएम मोदी व भाजपा से केंद्र का चुनाव हार जाता है। अब प्रियंका गांधी के सामने चुनौती है कि वह विपक्ष को संतुष्ट करें कि उनका फायदा कांग्रेस के साथ रहने में है।

शिक्षा

संजीव ठाकुर

# सनातनी विचारधारा और आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा पद्धति का संतुलन



वर्तमान समय में वैश्विक प्रगति और आर्थिक स्रोत तंत्र के लिए आधुनिक तथा वैज्ञानिक शिक्षा जरूर अत्यंत आवश्यक है परंतु हमें केवल आधुनिक विचारधारा शिक्षा पद्धति पर निर्भर न रहकर अपनी सांस्कृतिक परंपराओं और सनातन संस्कृति के धरातल से जुड़ा रहना होगा तब जाकर ही सनातनी संस्कृत विचारधारा एवं आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा पद्धति की स्वीकार्यता का संतुलन समुचित एवं यथोचित तरीके से हो पाएगा । भारत का सांस्कृतिक, सनातनी, वैदिक इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि ईस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे । प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए। जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊजार्वान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी ,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी ग्रुप से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़े बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद, पुराण, उपनिषद, गीता ,रामायण ,महाभारत महा ग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है। देश में अनेक साधु संत ज्ञानी जिनमें मोहम्मद मूसा कबीर, रैदास, नामदेव, तुकाराम चैतन्य, तुलसीदास शंकरदेव जैसे महापुरुषों ने देश के सांस्कृतिक आध्यात्मिक विकास मैं अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में अनेक विदेशी आक्रमणों को झेल कर उन्हें आत्मसात किया है किंतु हमारी संस्कृत पाली एवं प्राकृत भाषा अन्य भाषाओं के साथ आज भी समृद्ध है। भारत में अनेक भाषा क्षेत्र एवं बोलियां हैं किंतु हिंदी, पंजाबी, गुजराती, बांग्ला, मराठी ,असमिया भाषाएं उसी तरह पल्लवित पुष्पित हो रही हैं जैसे की संस्कृत और प्राकृत पाली भाषा होती रही है। भारत में स्वाधीनता के बाद विकास के प्रगति के पथ पर वैज्ञानिक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया और पृथ्वी से लेकर नभ तक हर क्षेत्र में मानव की अतीव उत्कंठा ,जीजिविषा के कारण हमने चांद पर भी अपने वायुयान भेजें हैं। देश के नागरिकों की भौतिकवादी सुविधा के लिए भी हमने वतानुकुलित यंत्र ,वायुयान तेज चलने वाली ट्रेनें और वायुमंडल में अनेक ऐसे तथ्यों को जो आज तक छुपे हुए थे उजागर कर अपने महत्व के लिए इसका उपयोग करना शुरू किया है। यह कहावत आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और आकाश का कोई अंत नहीं यानी मनुष्य की इच्छाओं का कोई अंत नहीं है मनुष्य पर सही प्रतीत होती है इसी तरह प्रगति और विकास का भी कोई अंत या अनंत नहीं है। भारत देश में वैश्विक स्तर पर राजनैतिक सामाजिक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर काफी प्रगति की एवं विश्व में योग अध्यात्म दर्शन का लोहा भी मनवाया है। मनुष्य की अभिलाषा का कोई निश्चित लक्ष्य नहीं है, मनुष्य मूल रूप से अत्यंत महत्वकांक्षी,लोलुप एवं इच्छाओं का दास हुआ करता है, ऐसे में पूर्व में किए गए कार्यों को निरंतर सुधार कर उसे नए रूप में प्राप्त करना मनुष्य की अभिलाषा हो सकती है,पर इसके लिए अथक मेहनत संघर्ष आत्मविश्वास एवं संयम की आवश्यकता होगी तभी जाकर हम अपने नए-नए लक्ष्यों को विकास तथा प्रगति के पैमाने पर टटोलकर आगे बढ़ा सकते हैं। पर लक्ष्य की प्राप्ति के साधन जरूर सच्चे ,पवित्र और मानव कल्याण की ओर अग्रेषित होने चाहिए, तब ही विकास प्रगति चाहे वह आध्यात्मिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक अथवा वैज्ञानिक क्यों न हो सफल हो सकती है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ रोमांटिक मूड में नजर आएंगे। साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपके अंदर ऊर्जा रहने के कारण आप प्रत्येक कार्य को करने में तत्पर रहेंगे। माताजी आपसे किसी बात को लेकर नाराज रहेंगी। यदि ऐसा हो, तो आपको उन्हे मनाने की पूरी कोशिश करें। आप कामों को लेकर भागदौड़ अधिक करेंगे, जिससे आपको थकान, सिरदर्द, बदनदर्द आदि का अनुभव हो सकता है।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए आध्यात्म के कार्यो से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा आपको निर्णय लेने की क्षमता का पूरा लाभ मिलेगा। दोस्तों के साथ आप कुछ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। जीवनसाथी की ओर से आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आपको अपने परिवार के सदस्यों की जरूरतों पर पूरा ध्यान देंगे। आपकी सुख-सुविधाओं में भी इजाफा होगा। धन को लेकर यदि कोई काम रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी। आप खानपान पर पूरा ध्यान देंगे, जिससे आपकी पेट संबंधित समस्याएं भी दूर होंगी। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। परिवार में कोई सदस्य नौकरी के लिए घर से दूर जा सकता है। वैवाहिक जीवन में आपको तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है। जीवनसाथी की बातों पर भी आपको पूरा ध्यान देना होगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। दान-पुण्य के कार्यों में आपकी खूब रुचि रहेगी। आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। किसी विपरीत परिस्थिति में आपको धैर्य बनाए रखना होगा। नौकरी में यदि आपको कुछ समस्या चल रही है, तो आप किसी दूसरी नौकरी के लिए अप्लाई कर सकते हैं। आपको किसी से किए हुए वादे को भी पूरा करना होगा। आपकी संतान आपसे किसी बात को लेकर नाराज रहेगी।

सिंह- आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम रखने के लिए रहेगा। आप किसी की कहीसुनी बातों में ना आएं। आप किसी को धन उधार देने से बचें। आपका ध्यान भगवान की भक्ति में लगा रहेगा, जिससे आपको मानसिक शांति भी मिलेगी। आप किसी के मामले में बेवजह ना बोलें। कार्यक्षेत्र में आप लोगों से काम से काम का मतलब रखें, नहीं तो वह आपकी समस्याओं को बढ़ा सकते हैं। दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। राजनीति में कार्यरत लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

कन्या- आज के दिन आपके लिए प्रेम व स्नेह की भावना आपके मन में रहेगी। आपकी इनकम बढ़ेगी। विद्यार्थियों को शिक्षा से संबंधित कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपके बॉस आपके कामों से खुश रहेंगे और आपको प्रमोशन दे सकते हैं। आप संतान को कहीं घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा। बिजनेस कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी।

तुला- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। माता-पिता से प्रेम व स्नेह बना रहेगा। आपको पिछले किए गए निवेशों से अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ रोमांटिक मूड में नजर आएंगे, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें अपने प्रयासों में तेजी लानी होगी। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। किसी नए काम के प्रति आपकी रुचि जागृत हो सकती है। आपको किसी काम को लेकर यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप उन्नति की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपका कोई मित्र आपके घर में मुलाकात करने आ सकता है। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को किसी एक्सपर्ट की राय लेकर ही निवेश करना बेहतर रहेगा। आपको कोई फैसला जल्दबाजी में लेने से बचना होगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप सुखद समय व्यतीत करेंगे। आपको किसी पुरस्कार के मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। गृहस्थ जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी। आप परिवार के सदस्यों के साथ कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आपको अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलना होगा। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छे रहेगी। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों का पढ़ाई-लिखाई से ध्यान भटकने से उन्हें किसी परीक्षा को देने में समस्या आएगी।

मकर- मकर राशि के जातक के लिए आज का दिन इनकम के सोर्स को बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी आय बढ़ने से आपको खुशी होगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ किसी डिनर डेट पर जा सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचानना होगा, क्योंकि उनमें कुछ आपके शत्रु हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस आपके कामों में वृद्धि कर सकते हैं। धार्मिक कार्यों में आपकी खूब रुचि रहेगी। आपको किसी नई नौकरी के मिलने की भी संभावना है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान बढ़ाने वाला रहेगा। आप यदि परिवार के किसी सदस्य को कोई सलाह देंगे, तो वह उस पर अमल अवश्य करेंगे। संपत्ति को लेकर कोई लड़ाई-झगड़ा बढ़ने की संभावना है। कोर्ट कचहरी से संबंधित मामलों में जीत मिलती दिख रही है। आपको अपने संतान के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है। आपको किसी काम को लेकर चिंता हो सकती है। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आप अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखें।

मीन- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। यदि आपको कार्यक्षेत्र के कामों में कुछ समस्याएं आ रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होती दिख रही है। आपको अपनी सेहत पर भी पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि आपकी कोई चीज खो गई थी, तो वह भी आपको मिल सकती है। आप किसी को भी बिना मांगे सलाह देने से बचें, नहीं तो आपको उसमें समस्या होगी।

# सावधान : अनजाने में मिलावटखोरी के जहर का सेवन

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

आज के समय में शुद्ध आहार मिलना बेहद मुश्किल हो गया है क्योंकि हर कोई अपने फायदे के लिए दूसरों की जान लेने पर तुला है। कुछ सालों में देश में कैंसर, हृदय विकार, ब्रेन स्ट्रोक और मानवीय अंगो के विफल होने की तादाद अत्यधिक बढ़ गयी है। हर उम्र के लोगों में असामयिक मौत का आंकड़ा लगातार ऊंचाई छू रहा है और मनुष्य शारीरिक व मानसिक तौर पर कमजोर हो रहा है। इन समस्या की मुख्य जड़ मिलावटखोरी का जहर और जहरीला प्रदुषण है। अनजाने में ही सही लेकिन मिलावटखोरी के जहर और प्लास्टिक का सेवन हम रोज कर रहे है। नागपुर का सरकारी अस्पताल, जो एशिया के बड़े अस्पतालों में गिना जाता है, वहां हाल ही में हजारों मरीजों को नकली दवाइयां बाँटी गयी। विश्व प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर में प्रसाद के लड्डू में पशु चर्बी के मिलावट का पर्दा फाश हुआ। फसल पर हानिकारक कीटनाशकों का छिड़काव, अनाजों को पोलिश, खाद्यपदार्थों को आकर्षक बनाने के लिए घातक रासायनिक रंगों का प्रयोग, फलों को जल्द पकाने के लिए जानलेवा रसायनों का इस्तेमाल और नकली खाद्यपदार्थ का धड़ल्ले से प्रयोग कर आम लोगों की जान से खिलवाड़ किया जाता है और खाद्य पदार्थों में अस्वच्छता की गंभीर समस्या तो पहले से ही बनी है। फसलों पर छिड़काव किये जानेवाले कीटनाशकों के जहर के असर का इसी बात से अंदाजा लगा सकते है कि छिड़काव के दौरान असावधानी होने पर मनुष्य तुरंत जान गवांता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, 2020 से 2021 में भारत में कीटनाशक विषाक्तता से संबंधित मौतों की संख्या में 6% की वृद्धि हुई हैं। पिछले सप्ताह नागपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में खेत से बहने वाले पानी को पीकर बाघ की मौत हो गयी, क्योंकि वह कीटनाशक मिश्रित जहरीला पानी था।

हमारे देश में त्योहार आते ही जरुरी उत्पादों की मांग बढ़ जाती है और आश्चर्य की बात है कि मांग बढ़ने पर पूर्ति की सामग्री सिमित होने के बावजूद सामग्री के सप्लाई में कमी नहीं आती है। उदाहरण के लिए, महाराष्ट्र राज्य में कोजागिरी पूर्णिमा के दिन दूध का विशेष पेय बनाया जाता है। इस दिन दूध की मांग अन्य दिनों के मुकाबले दोगुनी से अधिक होने के बावजूद पूर्ति उससे भी ज्यादा उपलब्ध होती है। अब ऐसा नहीं हो सकता कि केवल खास दिवस पर ही दुधारू पशु दुगना दूध देते है और उत्पादन एक दिन में दुगना हो जायें। अगर गाय एक दिन में 10 लीटर दूध देती है, तो रोज की तरह 10 लीटर ही दूध देगी, फिर अचानक मार्केट में दूध की आपूर्ति कैसे बढ़ जाती है? मिलावट की इस खाद्य सामग्रियों से स्वास्थ्य की रक्षा कैसे करें? यह गंभीर सवाल उपस्थित होता है। गुणवत्ताहीन और मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन के मामले में फिलहाल हम शिखर पर है। चिकित्सक कहते हैं कि जंक फूड खराब होता है, फलों का सेवन करना बेहतर है, लेकिन अब मार्केट में कैसे फल खरीदे? अपना एक अनुभव साझा कर रहा हूँ, दो दिन पहले मैंने शहर के मुख्य फल मार्केट से अच्छे गुणवत्ता के सेब और मौसंबी खरीदी थी। फलों का बाहरी आवरण देखकर, अच्छी तरह छाँटकर फल खरीदने के बावजूद दूसरे दिन ही उसमे से आधे से ज्यादा फल सड़ गए। फल खरीदते वक्त मैंने फल विक्रेता से आजकल के गुणवत्ताहीन फलों के बारे में शिकायत भी की थी, तो फल विक्रेता का कहना था, कि उनके पास के फल बहुत उच्च गुणवत्ता के है, कोई शिकायत नहीं होगी, फिर भी फल खराब निकले। फलों के जल्दी खराब होने की मुख्य वजह उन पर होने वाली घातक रासायनिक प्रक्रिया है और दूसरी वजह पल-पल बदलता मौसम है।

कंज्यूमर गाइडेंस सोसायटी ऑफ इंडिया की वार्षिक रिपोर्ट में पाया गया कि बाजार में उपलब्ध 79% ब्रांडेड या खुला दूध अयोग्यता का गंभीर विषय है। साल 2019 में दूध के पैकेट के 413 नमूनों का परीक्षण किया गया था, उनमें से केवल 87 दूध के नमूने ही भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानक विनिदेशों के अनुसार योग्य पाए गए। स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालने वाले दूध में कुछ प्रमुख मिलावट यूरिया, फॉर्मेलिन, डिटर्जेंट, अमोनियम सल्फेट, बोरिक एसिड, कास्टिक सोडा, बेंजोइक एसिड, सैलिसिलिक एसिड, हाइड्रोजन पेरोक्साइड, शर्करा और मेलामाइन हैं। दूध केवल हम पीते ही नहीं है, बल्कि हजारों तरह के खाद्यपदार्थ, मिठाइयां और व्यंजन बनाने में इसी दूध का प्रयोग होता है। देश में उत्पादन से ज्यादा दूध बेचा जाता है। आज दूध से बने अधिकतर खाद्य पदार्थों में शुद्ध दूध का स्वाद ही महसूस नहीं होता है। जबकि उत्पाद पूर्णत शुद्ध है, हमें ये समझाने का भरसक प्रयास विक्रेता करता है। रिसर्च कहता है कि देश में हर तीसरा व्यक्ति नकली दूध का सेवन कर रहा है। आज की पीढ़ी बाहर खाना पसंद करती है, हर चीज उन्हें इंस्टेंट चाहिए, गुणवत्ता नहीं, सिर्फ स्वाद ही मायने रखता है। अक्सर सोशल मीडिया पर बहुत से वायरल वीडियो में स्ट्रीट फूड के रंगबिरंगे व्यंजन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक दिखाई पड़ते है। 20-30 रुपये के व्यंजन में भी खूब भर-भरकर बटर, पनीर डाला जाता है, जैसे वह शुद्ध बटर न होकर साधा पानी हो, उसकी कीमत के हिसाब से गुणवत्ता क्या होगी, वह हम समझ सकते है। निम्न दर्जे के खाद्य पदार्थ, अधिकतम पैकेट बंद मसाले, सॉसेज, चटनी, और तेल का अधिकतम प्रयोग, स्वच्छता की कमी नजर आती है। बहुत बार खाद्य पदार्थ तलने के बाद भी वह तेल बार-बार उपयोग में लाया जाता है। गर्म खाद्यपदार्थों में भी प्लास्टिक का प्रयोग बेहद हानिकारक है फिर भी उपयोग किया जाता है। ज्यादातर ऐसे व्यंजनों में गुणवत्ता से समझौता किया जाता है और पोषक तत्वों की जगह केवल विषाक्त तत्व ही दिखाई पड़ते है। बाहरी खाद्य पदार्थों में अधिकतर मिलावटी सामग्री के प्रयोग की संभावना ज्यादा होती है। उदाहरण के लिए अगर हम मार्केट से साबुत मसाले लाकर घर पर पिसा मसाला बनाएं, मूंगफली से तेल, दूध से पनीर, टमाटर से सॉस बनाये फिर भी मार्केट में तैयार उत्पाद से कई गुना महंगा उत्पाद हमारा होगा। फिर मार्केट में इतने सस्ते में उत्पाद कैसे बिकते है? जबकि महंगाई का जमाना है। मिलावटी भोजन अत्यधिक विषैला होता है



और कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, मिलावटी भोजन के सेवन से दस्त, मतली, एलर्जी, मधुमेह, हृदय रोग, किडनी विकार, गुर्दे, कैंसर, लेथिरिज्म, तंत्रिका तंत्र से संबंधित रोग और यकृत सहित अंग प्रणालियों की विफलता शामिल है। कुछ मिलावटों में कार्सिनोजेनिक, क्लैस्टोजेनिक और जीनोटॉक्सिक गुण पाए गए हैं। लैंसेट के अध्ययन में पाया गया कि 2019 में भारत में दूषित पानी से पांच लाख से अधिक मौतें हुईं। हमारे देश में अधिकतर खाद्य पदार्थ हानिकारक तत्वों के साथ मौजूद है, देश में नकली शराब से भी हर साल बड़ी संख्या में मौतें होती है। आज किसी भी खाद्यपदार्थ को सौ फीसदी शुद्ध कहना बहुत मुश्किल है। जंक फूड, मैदा, शक्कर, नमक, तेल पहले से ही धीमे जहर की तरह काम करके घातक बीमारियों से हमें जकड रहे है, ऊपर से देश में बढ़ता प्रदुषण हमारी सांसे कम कर रहा है। लैंसेट अध्ययन के अनुसार, 2019 में भारत में प्रदूषण के कारण 23 लाख से ज्यादा असामयिक मौतें हुईं। इस मिलावटखोरी की दुनिया में कुछ भी शुद्ध होने का भरोसा नहीं होता। जागरूक रहें, दिखावे पर न जाएं, चटोरी जबान पर नियंत्रण रखें, स्वास्थ्य का ध्यान रखें, घर के खाद्य पदार्थों को ही प्राथमिकता दें और स्वस्थ रहें।

व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

# झुनझुनपुरा



एक समय की बात है, झुनझुनपुरा नामक एक गांव था। वहां के लोग बड़े मस्त थे, जैसे उबले आलू। गांव में एक नया मुखिया आया, जिसे सबने पहले तो बड़े प्यार से देखा। जब उसने गांव की मिट्टी को माथे से लगाकर कहा, ₹मैं इस गांव की हर समस्या का समाधान करूंगा !₹ तो गांववालों ने उसे सराहा, जैसे किसी ने बिस्कुट पर आइसक्रीम का टॉपिंग लगा दिया हो। मुखिया बहुत मन लगाकर काम करता। वह हर सुबह अपने दफ्तर की गली में गाना गाता, जैसे कोई बेताब कलाकार मंच पर हो। ₹सभी लोग, मेहनत करो !₹ की गूंज से पूरा गांव गूंज उठता। लोग सोते-सोते चौंक जाते, पर दिल में सोचते, चलो, कम से कम गांव का विकास तो होगा। गांव वाले उसकी मेहनत के मुरीद हो गए। लोग कहते, ₹अरे, पिछला मुखिया तो ऐसा था, जैसे बस चाय पीने के लिए आया हो !₹ हर सुबह जब लोग मिलते, तो मुखिया की तारीफ में कसीदे पढ़ते। पर भैया, खुशियां ज्यादा दिन तक नहीं रही। एक दिन, अचानक, क के घर चोरी हो गई। सबने कहा, ₹अरे ! यह कैसे हो सकता है? मुखिया तो है ना !₹ फिर सहस्त्रों सोने की मुद्राएं गायब हो गईं। अब मुखिया को घेर लिया गया। उसने गिड़गिड़ाते हुए कहा, ₹मैंने तो अपनी जान लगा दी है इस गांव के विकास के लिए ! गांव वालों ने सोचा, ₹शायद हम गलती कर रहे हैं। ऐसे समर्पित मुखिया पर हमें शक नहीं करना चाहिए ! उस रात मुखिया ने पहले से भी ज्यादा जोर से गाया, सभी लोग, मेहनत करो !₹ का शोर और बढ़ गया। कुछ दिन बाद, अ ने गांव में बैल खरीद लिए। खुशी से उसने मुखिया को मिठाई का डिब्बा दिया। मुखिया ने खुशी-खुशी लड्डू बांटे, जैसे उसे खुद का खजाना मिल गया हो। एक ने कहा, ₹भाई, तू तो लड्डू ऐसे बांट रहा है जैसे तेरा ही दुआरा भरा है !₹ मुखिया ने मुस्कुराते हुए कहा, ₹गांव की तरक्की, मेरी तरक्की है ! पर फिर क्या हुआ? कुछ दिनों बाद, ख के घर चोरी हो गई। गांव वालों ने मुखिया को घेरा। उसने फिर से कहा, ₹हो सकता है कि हमारे गांव में ही कोई चोर हो !₹ अब लोग एक-दूसरे पर शक करने लगे। जैसे सबकी आंखों में एक-एक चोर बसा हो। गांव का माहौल बदल गया। लोगों ने आपस में आंखें चुरानी शुरू कर दीं। हर छोटी बात पर कोई न कोई चोर बन जाता। अगली सुबह, सबको पता चला कि ग के घर से एक सोने का आभूषण मिला है। लोग एक-दूसरे पर ताने मारने लगे। ₹जब अपने गांव में ही गद्दार हैं, तो मुखिया क्या कर सकता है?₹

मुखिया की आवाजें अब गूंजने लगीं। उसकी बैठक के घंटे बढ़ा दिए गए। फिर भी, चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही थी। एक दिन घ के घर चोरी हुई। सभी लोग इकट्ठा हुए और आपातकालीन बैठक बुलाई गई।ब ने कहा, ₹ऐसे ईमानदार मुखिया की क्या जरूरत जब चोरी रुक नहीं रही?₹ क ने सीधा आरोप लगा दिया, मुखिया खुद चोर है !₹ ख ने और भी जोर देकर कहा, देखो, जैसे-जैसे चोरियां बढ़ रही हैं, मुखिया की गाना गाने की आवाज भी बढ़ती जा रही है ! ग ने कहा, ₹पर मुखिया तो बड़ा अच्छा काम कर रहा है ! गांव में शांति का झंडा गिर गया था। सब एक-दूसरे पर चिल्लाने लगे। चोरी के भूत ने गांव में आतंक मचा दिया। और फिर, मुखिया का भतीजा आया। उसने अपने चाचा से पूछा, ₹अ का घर इतना बड़ा कैसे हो गया? मुखिया ने तीन उंगलियां मोड़कर कहा, ₹मेहनत! फिर दूसरी उंगली खोलते हुए कहा, ₹मेहनत !और तीसरी उंगली खोलकर कहा, ₹मेहनत! भतीजा मुस्कुराते हुए बोला, ₹पर किसकी मेहनत? मुखिया चुप रह गया। बस खंखारते रहे, जैसे किसी बर्तन को खोखला कर रहे हों। फिर उसने पूरी ताकत से गाना गाया, ₹सभी लोग, मेहनत करो! गांव के लोगों के मन में खदबदाहट शुरू हो गई थी। क्या अब सच में कोई सुरक्षित था? क्या मुखिया की कसम खोखली हो गई थी? अब सब सिर्फ खुद को धोखा दे रहे थे। मुखिया के प्रयासों में, क्या हंसी थी या सिर्फ आंसू? यह सवाल अब सबके मन में घूमने लगा। और एक नई कहानी शुरू हुई, जिसमें सब कुछ खो गया था, पर सब कुछ बचा हुआ भी था। क्या झुनझुनपुरा अब सिर्फ एक नाम रह गया था, या एक दर्दभरा एहसास? यह सब अब अनुत्तरित रह गया, जैसे कि चोर, मुखिया और गांववाले, सब एक खेल खेल रहे थे, लेकिन कोई नहीं जानता था कि अंत क्या होगा। क्या आगे गांव के लोग खुद को समझ पाएंगे? या फिर इस मुखिया की कहानी बस यूं ही चलती रहेगी, जैसे बिना सुर वाली कोई तान? किसी को नहीं पता था। बस सब कुछ था, लेकिन कुछ भी नहीं था।



# लोकार्पण के बाद जारी हुआ टेंडर,नगर पंचायत का नया कारनामा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा 25 अक्टूबर।** नगर पंचायत चारामा में निर्माण कार्यो को लेकर फिर एक बार गडबडी देखने को मिल रही है। दशहरा के दिन जिस तामझाम के साथ नगर के मंडी परिसर के मेंला भांठा में हाई मास्क लाईट का लोकार्पण नगर पंचायत अध्यक्ष के द्वारा किया गया था वह किसी टेंडर प्रक्रिया का पालन नही करते हुए बस आनन-फानन में किया गया था। यह बात तब सामने आया जब नगर पंचायत के द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में उसी कार्य का बकायदा टेंडर के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया। जिसमें 15वें वित्त आयोग एवं अधोसंरचना योजनान्तर्गत विभिन्न विकास कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित किया गया है। निविदा में विभिन्न प्रकार के कुल 31 कार्यो हेतु लागत राशि 291.25 लाख रू. के निर्माण कार्यो में जहां पहले ही बिना टेंडर एवं कार्यादेश के पूर्ण कर लिये गये कार्यो को भी शामिल कर लिया गया है। जबकि बिना टेंडर एवं कार्यादेश के किये गये कार्यो में किसी भी तरह से शासकीय मापदंडों का पालन नही किया गया है। और अब उन्ही कार्यो का टेंडर जारी करके मनमानी करते हुए शासकीय राशि का दुरूपयोग करने का प्रयास किया जा रहा है जो कि सर्वथा अनुचित है। शासन द्वारा नगर विकास के लिए भेजे गये पैसों का जनप्रतिनिधि एवं जिम्मेदार अधिकारी आपसी मिलीभगत करते हुए बंदरबांट करने में लगे हुए है। निविदा में लिखे गये कई निर्माण कार्यो के लिए कार्य स्थल उपलब्ध नही होने के कारण कार्य किया जाना संभव ही नही है। वहीं उक्त निविदा में राज्योत्सव एवं दीपावली की अवकाश के दिन आवेदन करने की अंतिम तिथि रखा गया है तथा एकादशी छोटी दीपावली के दिन निविदा खोलने का दिन नियत किया गया है जिससे स्पष्ट रूप से अनियमितता की आशंका उत्पन्न होती है। निविदा में इस प्रकार की तिथि जान बुझकर दिये जाने से यह प्रतीत होता है कि जिससे बाहर के ठेकेदार निविदा प्रक्रिया में हिस्सा न ले सके और अपने चहेते ठेकेदारों को निविदा में लाभ पहुंचाया जा सके। इस तरह यह निविदा सोची समझी रणनीति के तहत गलत तरीके से सरकारी राशि का दुरूपयोग किये जाने हेतु जारी किया जाना प्रतीत होता हैं। उक्त मामलों को देखते हुए प्रशासन को इस प्रकार के अवैधानिक तरीके से किये जाने वाले निर्माण कार्यो पर रोक लगाते हुए उचित कार्यवाही करनी चाहिए जिससे सरकारी पैसे का जनहित में अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

## एक नजर

### शासकीय पॉलिटेक्निक में जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम का आयोजन

**उत्तर बस्तर कांकेर, 25 अक्टूबर।** रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती के अवसर पर 23 अक्टूबर को जनजाति गौरव स्मृति कार्यक्रम शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर एवं शासकीय शिक्षा महाविद्यालय; कांकेर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री शिशुपाल शोरी और विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री अजय मंडावी, मुख्य वक्ता श्री भूपेंद्र नाग एवं श्री अजितेश दत्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्री नाग ने अपने उद्बोधन में जनजातीय समाज के गौरवशाली परंपरा, संस्कृति, कला एवं चिकित्सा पद्धति के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही आधुनिक भारत के निर्माण में जनजातीय समाज की भूमिका से अवगत कराते हुए जनजातीय संस्कृति को संरक्षित रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर पॉलीटेक्निक कांकेर एवं शिक्षा महाविद्यालय कांकेर के विद्यार्थियों द्वारा जनजाति समाज की संस्कृति पर आधारित लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में पॉलीटेक्निक कांकेर के प्राचार्य श्री काजल राय, शिक्षा महाविद्यालय कांकेर की प्राचार्य डॉ. पूर्वा शर्मा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### मुख्य सचिव ने बस्तर ओलंपिक-2024 के सफल आयोजन के लिए दिए निर्देश

**जगदलपुर 25 अक्टूबर।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम राज्य शासन के वरिष्ठ उच्च अधिकारियों सहित बस्तर संभाग के कमिश्नर, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक में बस्तर ओलंपिक 2024 के सफल आयोजन सुनिश्चित करने निर्देश दिए। उन्होंने बस्तर ओलम्पिक के लिए पंजीयन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समयपूर्व सुनिश्चित किए जाने कहा। शासन द्वारा बस्तर की युवाओं और खेल प्रतिभाओं को मंच देने के लिए पहली बार बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। बस्तर ओलंपिक में अंदरूनी ईलाके के अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता जरुरी है इसलिए पंजीयन में वृद्धि किया जाए। पंजीयन को बढ़ाने के लिए सभी विभागों के मैदानी अमलों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। स्थानीय बोली में वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया में प्रसारित करवाने सहित उचित मूल्य दुकानों, ग्राम पंचायतों तथा हाट-बाजारों में बैनर-पोस्टर तथा मुनादी के जरिए प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव श्री जैन ने बस्तर ओलम्पिक 2024 के तहत ब्लॉक, जिला और संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सभी आवश्यक तैयारी और व्यवस्थाएं समयपूर्व सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही उक्त आयोजन में खेल संगठनों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित किए जाने कहा। ज्ञातव्य है कि बस्तर ओलंपिक 2024 के अंतर्गत एथलेटिक्स, व्हालीबाल, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, हॉकी, तीरंदाजी, कराते, बैडमिंटन, वेटलिफ्टिंग एवं रस्साकशी विधा सम्मिलित हैं। जिसमें हॉकी और वेटलिफ्टिंग सीधे जिला स्तर पर होंगे। बस्तर ओलंपिक के अंतर्गत दो आयु वर्ग में प्रतियोगिता होगी, जिसके तहत 14 से 17 वर्ष जूनियर वर्ग एवं 17 वर्ष से अधिक कोई आयु सीमा नहीं सीनियर वर्ग में खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। विकासखंड स्तर से विजेता खिलाड़ी जिला स्तर पर और जिला स्तर के विजेता खिलाड़ी संभाग स्तर पर भाग ले सकेंगे। बस्तर ओलंपिक में नक्सल अभियान के अंतर्गत दिव्यांग हुए एवं आत्मसमर्पित नक्सली जो मुख्य धारा में जुड़ चुके हैं वे सीधे संभाग स्तर पर शामिल हो सकेंगे। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह एवं जेल श्री मनोज पिंगुवा, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास निहारिका बारिक, प्रमुख सचिव आदिम जाति कल्याण विभाग श्री सोनमणि बोरा सहित विभिन्न विभागों के सचिव तथा वरिष्ठ उच्च अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह, आईजी बस्तर श्री सुंदरराज पी. और कलेक्टर श्री हरिस एस द्वारा बस्तर ओलम्पिक 2024 के आयोजन सम्बन्धी तैयारियों तथा व्यवस्था के सम्बंध में अवगत कराया गया।

### दक्षिण में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी कर रहे सघन जनसंपर्क

**रायपुर 25 अक्टूबर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव का ज्वर अब धीरे-धीरे परवान चढ़ने लगा है। दक्षिण से भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय प्रत्याशी सुनील सोनी चुनावी मैदान में है। सुनील सोनी अपने लंबे राजनीतिक अनुभव को इस उपचुनाव में भुना रहे हैं और वे लगातार दक्षिण विधानसभा के अलग-अलग वार्डों में सघन जनसंपर्क कर रहे हैं। स्थानीय समाज प्रमुखों और सम्मानित वरिष्ठों सहित युवाओं के बीच भी लगातार पहुंच रहे हैं। वरिष्ठों का आशीर्वाद और युवाओं का साथ लगातार उन्हें चुनावी दौरे के दौरान प्राप्त हो रहा है। दक्षिण के स्थानीय रहवासी होने का लाभ भी उन्हें इस उपचुनाव में मिल रहा है। अधिकतर लोगों से उनके निजी संबंध भी काफी प्रगाढ़ है। भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी जी ने जनता जनसंपर्क के दौरान कहा कि मैं लगातार बृजमोहन अग्रवाल जी के चुनाव संचालक के रूप में, महापौर के रूप में और सांसदों के रूप में आपके बीच रहा हूं। आपकी समस्याएं समझता हूं व इससे दूर करने का लगातार प्रयास करने का विश्वास दिलाता हूं। रायपुर दक्षिण विधायक के नाते आपकी समस्याओं पर हमेशा उपस्थित रहूंगा। चुनाव प्रचार की कड़ी में प्रत्याशी सुनील सोनी ने आज अपना जनसंपर्क नेता जी चौक से प्रारंभ किया जहां से स्थानीय रहवासियों और व्यापारियों से मतदान हेतु समर्थन मांगा। स्थानीय नागरिकों ने सुनील सोनी का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया एवं चुनाव में समर्थन देने का भरोसा भी दिलाया। वहां से भार्गव राज कॉलोनी से होते हुए भाजपा नेता योगी अग्रवाल के निवास पहुंचे उसके पश्चात कक्कड़ चौक, शिव मंदिर, बजरंग चौक, सतबहनिया मंदिर पहुंचकर वहां माता का आशीर्वाद लेकर रावण पुतला, गोवर्धन चौक होते हुए झूलेलाल धाम, कपूर होटल मदर टैरेसा वार्ड का बूथ से इंदिरा चौक, क्रिश्चियन कॉलोनी, गोकुल अपार्टमेंट, श्रीराम नगर से होते हुए तरुण सिंह चौक पर अपने जनसंपर्क का समापन किया। जन संपर्क के दौरान जगह जगह भाजपा प्रत्याशी श्री सोनी का स्थानीय नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया। स्थानीय महिलाओं ने भी उनकी आरती उतार कर पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं ने छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार के प्रति अपना आभार जताया इस दौरान मंडल अध्यक्ष मुकेश पंजवानी, बॉबी खनूजा, मनोज राजपूत, पुरुषोत्तम देवांगन कामिनी देवांगन आलोक सोनी मनोरमा हनोतिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पुलिस पेट्रोलिंग नहीं होने से नगर में बढ़ रही चोरी-लूट की वारदातें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 25 अक्टूबर।** नगर में एकाएक चोरी-लूट की घटनाओं में बढ़ोत्तरी से हर नगरवासी भयभीत है। पुलिस की पेट्रोलिंग रात में नहीं होने से इसका फायदा बाहरी व सथानीय चोर गिरोह उठा रहे हैं। चौक चौराहों पर लगे कई सीसीटीवी कैमरे केवल शोपीस बनकर पड़े हैं जिसके चलते चोरी के बाद चोरों की पतासाजी में भी मुश्किल आ रही है। नगर में बढ़ती चोरी व लूट की घटनाओं के लिए पुरी तरह से पुलिस प्रशासन जिम्मेदार है। पुलिस अगर मुश्तैदी के साथ रात के वक्त पेट्रोलिंग करेगी तो निश्चित तौर पर इसका भय चोरी व लूट करने वालों पर होगा। मगर ऐसा नहीं हो रहा जिसके वजह से चोरी की वारदातों में लगातार बढात्तरी हो रही है।

दंतेवाड़ा नगर में बढ़ती चोरी व लूट की बढ़ती घटनाओं की बात करें तो इसी अक्टूबर माह में ही चोरी व लूट की दो तीन बड़ी वारदातें हुई है। जिसमें सीएएफ की 9वीं वाहिनी मुख्यालय कारली के केंटिन से करीब 9 लाख रूपए कैश चोरी हुई थी तो दुसरी वारदात नगर के एक प्रतिष्ठित पान व्यवसायी के घर से दिन दहाड़े 4 लाख रूपए कैश चोरी कर दो चोर ले उड़े थे। हालांकि दोनों मामलों को पुलिस ने जल्द सुलझा लिया था और चोर भी पकड़ में आ गए थे। तीसरी चोरी कैलाशनगर मोहल्ले में हुई थी जहां मो0एजाज के घर के बाउण्ड्री से हीरो की बाईक चोर उड़ा ले गए जिसकी रिपोर्ट भी कोतवाली में हुई थी मगर इस मामले में पुलिस अब तक बाईक चोर को पकड़ नहीं पाई है। चोरी का एक मामला और भी प्रकाश में आया है जो गीदम थाने अंतर्गत कारली का है। पीड़ित ने बताया कि कारली टाटा मोटर के बाजू में एक मकान का कंस्ट्रक शन हो रहा है। निर्माणाधीन कार्य स्थल से चोर बीते सोमवार-मंगलवार की दरम्यानि रात वहां लगे मोटर पम्प, स्टाटर, केबल वायर चोरी कर ले गए। सामने ही मुख्य मार्ग पर हाउसिंग चौक पर सीसीटीवी लगा है मगर यहां भी कैमरा केवल दिखावे के लिए लगा दिया गया है। गीदम पुलिस की मानें तो कैमरा खराब है इसलिए चोरी की घटना इसमें रिकार्ड नहीं हो पाई है। नगर के चौक चौराहों पर लगे अधिकांश सीसीटीवी कैमरे काम नहीं कर रहे लिहाजा चोरों की मौज ही मौज है। कैमरे खराब होने से चोरों की शिनाख्ती में पुलिस को दिक्कत आ रही है। लाखों रूपए खर्च कर लगाए गए सीसी कैमरे अगर बंद रहेंगे तो फिर इसे लगाने का फायदा ही क्या? ईधर चोर गिरोह पुरी तरह से सक्रीय हो गया है और रात के वक्त नगर में पुलिस की पेट्रोलिंग नहीं होने से भी चोर व उठाईगिरी किस्म के लोग बेखौफ होकर अपने काम को अंदाम दे आराम से फरार हो जा रहे हैं। नगर में बढ़ती चोरी व लूट की वारदातों को देख सुनकर नगरवासी काफी डरे सहमे हुए हैं। घर के बरामदे या पोर्च में अधिकाशं लोग अपनी दुपहिया व चार पहिया वाहने खड़ी करते हैं। ऐसे में कब उनकी बाईक रात के वक्त चोरी हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। पुलिस को रात में गश्त बढाना चाहिए ताकि आम जनता के महंगे सामानों की सुरक्षा हो सके और लोग चैन की नींद सो सकें।

# जिला मुख्यालय में दर्जनों जगहों पर अवैध रूप से बिक रहा पेट्रोल-डीजल व सिलेंडर

■ कटेकल्याण में 46 लीटर पेट्रोल जब्त कर अपनी पीठ थपथपा खानापूर्ति में जुटा खाद्य विभाग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 25 अक्टूबर।** दंतेवाड़ा का खाद्य विभाग सालों बाद कुंभकर्णी नींद से जागकर कटेकल्याण पहुंच कुछ दुकानदारों के पास से 46 लीटर पेट्रोल जब्त कर अपनी पीठ थपथपाने में लगा हुआ है जबकि वास्तविक में दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में ही दर्जनों जगहों पर पेट्रोल डीजल समेत गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री की जा रही है। इस पर खाद्य विभाग क्यों मौन साधे हुए है। मुख्यालय में इस तरह की चालानी व जब्ती कारवाई आखिर क्यों नहीं कर रहा खाद्य विभाग? कटेकल्याण जैसे सुदूर अंचल में जाकर जहां न पेट्रोल पंप है न गैस सिलेंडर वितरण केंद्र की सुविधा। नक्सल प्रभावित कटेकल्याण जैसे संवेदनशील क्षेत्र में अगर लोगों को पेट्रोल डीजल कोई उपलब्ध करवा भी रहा है तो इसमें इतनी सख्ती क्यों? कानुनन गलत तो है मगर ऐसे सुदुर अंचलों में पेट्रोल डीजल देने वालों पर थोड़ी शिथिलता बरतनी चाहिए प्रशासन को। विभाग को सरकारी पन्नों के कॉलम भरने ही आवश्यक थे तो जिला मुख्यालय में छापा मारकर इसे पूरा किया जा सकता था। मुख्यालय में 4 पेट्रोल पंप की सुविधा होने के बावजूद भी दर्जनों जगह पर अवैध रूप से पेट्रोल डीजल की बिक्री खुलेआम की जा रही है। सर्व विदित है कि दंतेवाड़ा में गैस सिलेंडर तक ब्लैक में बेचे जाते हैं ऐसे लोगों पर खाद्य विभाग क्यों अपनी ताकत नहीं दिखाता है। खुलेआम गैस सिलेंडरों की डिलेवरी के नाम पर तय कीमत से ज्यादा राशि उपभोक्ताओं से वसूली जा रही है। इतना ही नहीं गैस सिलेंडर ब्लैक तक में बेचे जा रहे हैं। इन पर खाद्य विभाग की कारवाई कब होगी? दंतेवाड़ा जिले में संचालित सभी पेट्रोल पम्प रात 10 बजे के बाद बंद हो जाते हैं जबकि नियमतः पेट्रोल पम्प शासन के नियम निर्देशानुसार 24 घंटे 365 दिन खुले रहने चाहिए क्योंकि ये आवश्यक एवं आपाताकाल सेवा के अंतर्गत आता है। पेट्रोल पम्पों पर उपभोक्ताओं को फ्री में मिलने वाली अन्य सुविधाएं भी नदारत है। इसे ठीक करने की जिम्मेदारी भी जिला खाद्य विभाग की है इन सब पर कारवाई की बात आती है तो खाद्य विभाग आंखे होते हुए भी धृतराष्ट्र बन जाता है। वहीं कटेकल्याण में जाकर पेट्रोल डीजल की जब्ती कारवाई कर सरकारी मीडिया के माध्यम से खबरें प्रकाशित कर वाहवाही लूटने में लगा फूड विभाग।

### शिक्षक मोर्चा की मांगों का पिछड़ा वर्ग संघ ने किया समर्थन

**जगदलपुर 25 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ ने शिक्षक मोर्चा के पांच सूत्रीय मांगो का खुलकर समर्थन दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षक मोर्चा के द्वारा 24 अक्टूबर को प्रान्त व्यापी एक दिवसीय जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया है। एलबी संवर्ग के प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना सहित वेतन विसंगति दूर करने, पूर्ण ओपीएस, पुनरीक्षित वेतनमान में सही वेतन निर्धारण, क्रमोन्नति समयमान वेतनमान की मांग तथा लंबित डीए को देय तिथि दे भुगतान करने आदि की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन क़र रहे है. संघ के प्रांताध्यक्ष अनिल सिन्हा, प्रदेश महामंत्री राजेश चंद्राकर और प्रदेश प्रवक्ता एवं जिलाध्यक्ष जिला बस्तर तुलादास मानिकपुरी ने संयुक्त रूप से बयान जारी करते हुए 24 अक्टूबर को होने वाली एक दिवसीय धरना को कर्मचारी - शिक्षक हित को ध्यान में रखते हुए मांगो को समर्थन दिया है, साथ ही राज्य सरकार से मांगे शीघ्र पूर्ण करने की अपील की है।

# डीएमएफ की राशि का उपयोग आवश्यक व प्राथमिक कार्यों में करें : भोजराज नाग

**उत्तर बस्तर कांकेर 25 अक्टूबर।** जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की शासी परिषद की बैठक आज दोपहर को लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद श्री भोजराज नाग की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें वार्षिक आय-व्यय की जानकारी दी गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत डीएमएफ की राशि से कराए जाने वाले कार्यों का प्रस्ताव बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा गया। बैठक में अंतागढ़ विधायक श्री विक्रम उसेण्डी, कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम, भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हेमंत ध्रुव उपस्थित थे।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज दोपहर 12.30 बजे से आयोजित बैठक में सांसद श्री नाग ने कहा कि डीएमएफ की राशि का उपयोग प्राथमिक व आवश्यक कार्यों में हो, अधिकारी यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि खनन प्रभावित क्षेत्र के लोगों को इसका अनिवार्य रूप से लाभ मिले, ऐसी कार्ययोजना बनाई जाए। जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में अभी भी व्यापक स्तर पर विकास की जरूरत है, अतः प्रभावित ग्रामीणों को लक्षित कर खनिज न्यास निधि की राशि का उपयोग किया जाए। इस अवसर पर अंतागढ़ विधायक श्री उसेण्डी, कांकेर विधायक श्री नेताम, भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती मंडावी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ध्रुव ने भी बैठक में अपने क्षेत्र स्तर पर हो रहे कार्यों के संबंध में विचार व्यक्त किए। साथ ही प्रभावित ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने भी विभिन्न मांगों से परिषद को अवगत कराकर नवीन कार्य स्वीकृत करने की बात कही।

# शिक्षकों ने मांगों को लेकर हल्ला बोला

**जगदलपुर 25 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक मोर्चा के प्रांतीय आहवान पर बस्तर जिले के हजारों शिक्षकों ने गुरुवार को सामूहिक अवकाश पर रहकर स्थानीय मंडी प्रांगण में धरना प्रदर्शन में बैठे। जिसका व्यापक असर जिले के स्कूलों में देखने को मिला, स्कूलों में शिक्षक की अनुपस्थिति में खेलते नजर आये तथा स्कूलों में माध्यन्ह भोजन के पश्चात् सुने नजर आये। साथ ही जिले भर के सीएसी ने कलमबंद कर हड़ताल में शामिल हुए। साथ ही पंचायत तथा नगरीय निकाय निर्वाचन कार्य व प्रशिक्षण से भी किनारा किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार साथ एलबी संवर्ग के शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना, वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नति- समयमान प्रदान करने, नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन देने सहित देय तिथि से एरियर्स के साथ केंद्र के समान डीए प्रदान करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे है। विदित हो कि इसमें से अधिकांश मांगे वर्तमान सरकार के चुनावी घोषणा पत्र में मोदी कि गारंटी के रूप में समाहित है। जिसे लेकर शिक्षकों ने जमकर हल्ला बोला। शिक्षक नेताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार जब विपक्ष में थी तब इन्हीं के नेता मांगों के शिक्षकों की मांगों समर्थन में धरना स्थल पर पहुंच कर तत्कालीन सरकार को जमकर कोसती थी और सत्ता में आने के बाद मांगें पूरा करने का संकल्प लेती थी, परन्तु अब सत्ता में आने के बाद सरकार कुम्भकरणी निद्रा में चले गई है। सरकार को कर्मचारी विरोधी होने का आरोप लगाते हुए सभा से जमकर हल्ला बोला गया। साथ ही धरना स्थल मंडी प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, वित्त मंत्री सहित विभागीय सचिवों के नाम ज्ञापन व मांगपत्र सौंपा गया।

■ लैब टैक्नोलाजिस्ट प्रकोष्ठ ने केक काटकर मनाया लैब एण्ड टेक्नोलॉजिस्ट दिवस

# हमारी जिम्मेदारी बड़ी है,नम्र और शालीन रहकर मरीजों की सेवा करें:रामटेके

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 25 अक्टूबर।** मेडिकल लैब टेक्नालॉजिस्ट दिवस गुरूवार 24 अक्टूबर को जिला स्वास्थ्य कर्मचारी संघ एवं मेडिकल लैब टेक्नालॉजिस्ट प्रकोष्ठ द्वारा उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुराना अस्पताल भवन में लैब टेक्नालॉजिस्ट प्रकोष्ठ द्वारा एक संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसके मुख्य अतिथि अजय रामटेके (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी) रहे। कार्यक्रम में आर एल गंगेश, (जिला अस्पताल सह अधीक्षक) आर.के.मंडल, (डीपीएम) एमन ठाकुर, (मेडिकल लैब टेक्नालाजिस्ट संयोजक) चंचल देवांगन, (छ0ग0प्र0स्वा0कर्म0 संघ जिला अध्यक्ष) आर के जाटव (उप प्रांतीय अध्यक्ष छ0ग0स्वा0प्र0कर्म0 संघ), वरिष्ठ डॉ0 एस मण्डल, प्रियंका सक्सेना(आरएमओ) चंद्रशीला पुराम.(अस्पताल प्रबंधक) देवेंद्र चापड़ी, (लिपिक संघ अध्यक्ष) लक्ष्मण ठाकुर (छ0ग0प्र0स्वा0कर्म0संघ जिला उपाध्यक्ष), अमल साय बघेल, (स्वा0कर्मचारी संघ महामंत्री), दुबे शंकर ठाकुर (लिपिक संघ के सचिव), जीवन नाग (बीपीएम), बाल सिंह नेताम (स्वा0कर्मचारी संघ कार्यकारिणी अध्यक्ष) समेत कई अन्य कर्मचारी कार्यक्रम में मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत गुरूवार शाम 6 बजे मुख्य अतिथि अजय रामटेके सीएसएचओ दंतेवाड़ा के आगमन उपरांत हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि श्री रामटेके के आगमन पर प्रकोष्ठ के कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया तदोपरांत मुख्य अतिथि श्री रामटेके के कर कमलों द्वारा भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मेडिकल लैब एण्ड टेक्नालाजिस्ट दिवस का सुनहरा मौका था लिहाजा केक बिना बात कैसे बनती सो मुख्य अतिथि श्री रामटेके सर के हाथों प्रकोष्ठ के कर्मचारियों ने केक कटवाया जिसके बाद सभी को केक खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। उक्त अवसर पर उपस्थित समस्त प्रकोष्ठों के स्वास्थ्य कर्मचारियों को संबोधित करते सीएमएचओ अजय रामटेके ने कार्यक्र में मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाने एवं सत्कार के लिए सभी कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री रामटेके ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि आज हम सभी टेक्नालॉजिस्ट डे मना रहे हैं। निश्चित तौर पर ऐसे कार्यक्रमों से एक पॉजिटिव संदेश लोगों तक पहुंचता है। उन्होने कहा कि हमारी जिम्मेदारी बड़ी है लोग बहुत उम्मीद लेकर दुर दराज क्षेत्रों से हमारे तक पहुंचते हैं। ईश्वर ने हमको लोगों की सेवा का एक बड़ा सुनहरा अवसर दिया है यह हम सबका सौभाग्य है। फ्रस्टेशन भुलाकर हमें नम्र एवं शालीनता के साथ तिमारदारों की सेवा करना है। आप सबकी बदौलत हमारा स्वास्थ्य विभाग जिले में काफी प्रोग्रेस कर रहा है। सिकलसेल हो, टीबी हो या फिर एनिमिया जांच हो हमारे सीएससी पीएचसी में हर रोज 70 से 90 जांच हो रहा है। बीते एक माह में हमने टीबी के 70 मरीज की पहचान कर उनका सफल ईलाज में जुटे हैं यह हमारे जिले की बहुत बड़ी उपलब्धि है। श्री रामटेके ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के किसी भी कर्मचारी को कोई भी परेशानी या तकलीफ हो तो वे इसकी जानकारी सबसे पहले मुझे देवें मैं समस्या का समाधान करने का पूरा प्रयास करूंगा।

## समाचार संक्षेप

### 3 महीने में बदले गये 3 एसडीएम, अब नरेंद्र कुमार बंजारा ने संभाला कार्यभार

**चारामा 25 अक्टूबर।** राजस्व अनुभाग चारामा में अनुविभागीय अधिकारियों का बार-बार स्थानांतरण होने से विभागीय कामकाज में असर होते देखा जा सकता है। पिछले 3 महीनों में ही 3 एसडीएम विभिन्न कारणों के चलते बदले जा चुके है।




अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा राहुल कुमार रजक के स्थानांतरण के बाद प्रदीप कुमार वैद्य संयुक्त कलेक्टर को चारामा अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा बनाये गये थे। लेकिन कुछ दिनों तक कार्य करने के बाद प्रदीप कुमार वैद्य अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) का श्री केदार कश्यप, मंत्री छ.ग. शासन की निजी स्थापना में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के पद पर हो जाने से चारामा पुनः रिक्त हो गया। कार्यालय कलेक्टर जिला उ.ब. कांकेर से 18 अक्टूबर को जारी आदेश के तहत कार्य विभाजन आदेश में प्रदीप कुमार वैद्य अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को चारामा से भारमुक्त करते हुए नरेन्द्र कुमार बंजारा डिप्टी कलेक्टर को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा का कार्यभार सौपा गया है। नरेन्द्र कुमार बंजारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अंतागढ में पदस्थ थे। उक्त आदेश के परिपालन में नरेन्द्र कुमार बंजारा डिप्टी कलेक्टर ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के पद पर अनुभाग चारामा कार्यालय में अपना कार्यभार ग्रहण किया।

### भारत की आजादी में जनजातीय समाज का गौरवशाली व महत्वपूर्ण योगदान:हूंगाराम



**सुकमा 25 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदाय और उनके परंपराओं के ऐतिहासिक सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान को सम्मानित करने हेतु एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन शासकीय शहीद बापूराव महाविद्यालय सुकमा मे संपन्न हुआ कार्यक्रम का उद्देश्य जनजाति समाज के गौरवशाली इतिहास संस्कृति कला और अन्य क्षेत्रों में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान को उजागर करना था मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष हूंगाराम मरकाम ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई मुख्य वक्ता भाजपा नेता हूंगाराम मरकाम ने जनजाति नायकों के योगदान पर प्रकाश डाला साथ ही महान वीरांगना रानी दुर्गावती की 500 वी जयंती के अवसर पर महिलाओं की भूमिका को भी विशेष रूप से रेखाकित किया गया है अतिथियों का स्वागत शहीद बापू राव महाविद्यालय सुकमा ने किया इस अवसर पर कई अधिकारी कर्मचारी छात्र छात्राये और महाविद्यालय शिक्षण संस्थानों के प्रमुख उपस्थित रहे भाजपा नेता हूंगा मरकाम ने जनजाति समाज के विभूतियां सहित संपूर्ण जनजाति समाज के लोगों का देश व समाज के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला जनजाति समाज का गौरवशाली इतिहास कार्यक्रम मे वक्ताओं ने वीर बिरसा मुंडा वीरांगना रानी दुर्गावती शहीद वीर नारायण सिंह एवं शहीद गेंदसिंह आदि आदिवासी समाज के महापुरुषों एवं अमर शहीदों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी वीरता एवं योगदान को अनुपम एवं आदित्य बताया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता हूँगाराम मरकाम ने कहां है कि जनजाति समाज सीधा सरल शांत एवं मेहनतकश समाज है जब भी देश व समाज के सामने चुनौती आई है जनजाति समाज के लोगों ने अपना सर्वत्र निछावर कर उसका डटकर मुकाबला किया है उन्होंने कहा कि हमारा मौजूदा केंद्र एवं राज्य सरकार आदिवासी समाज के विकास तथा उनके पुराने गौरव एवं विरासत को अक्षुण् बनाए रखने हेतु संकल्पित है भाजपा नेता ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा संचालित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के फल स्वरुप जनजाति समाज के लोगों में निरंतर सुधार एवं आमूलचूल परिवर्तन हो रहा है आदिवासी समाज के अमर शहीदों एवं विभूतियों के स्वतंत्रता आंदोलन तथा राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने नहीं पीढ़ी को इन अमर शहीदों एवं विभूतियों के आदर्शों से प्रेरणा लेने को कहा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि जब हम आदिवासी समाज का राष्ट्रीय एवं समाज के प्रति योगदान एवं उनकी गौरवशाली विरासत की बात करते हैं तो हमें एक उज्जवल साधना याद आती है जब क्रियाशील एवं कालजयी जनजाति आंदोलन में चाहे वह साम्राज्य साहित्य तोपों के प्रतिपक्ष में हो या फिर अंग्रेजों के जुल्मों सितम की प्रतिकार की बात हो दुनिया के इतिहास के सामने अनुपम एवं आदित्य उदाहरण पेश किया था उन्होंने आदिवासी समाज की गौरवशाली विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहां की हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी पुस्तक डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखा है की आदिवासियों की संस्कृति विश्व की समस्त संस्कृति की जननी है उन्होंने कहा कि प्रख्यात भाषाविद डॉक्टर गिर्यशन ने कहा है कि आदिवासी समाज के प्रमुख भाषा गोंडी संस्कृति के अलावा दक्षिण भारत के प्रमुख तीन भाषा तमिल तेलुगू एवं कन्नड़ की भी जननी है इस कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के प्रिंसिपल व समस्त प्रोफेसर सहित भाजपा कार्यकर्ता छात्र छात्राये उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत हरनपुरी में लगने वाला शिविर स्थगित

**उत्तर बस्तर कांकेर 25 अक्टूबर।** जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में भानुप्रतापपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत हरनपुरी में 25 अक्टूबर को जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

# शिक्षक मोर्चा ने सौंपा मुख्यमंत्री,शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री सहित विभागीय सचिवों के नाम एसडीएम को ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,25 अक्टूबर।** संघर्ष मोर्चा के जिला सचिव कैलाश रामटेके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि 24 अक्टूबर 2024 को जिले के समस्त शिक्षक एल बी संवर्ग शिक्षकों के संगठनों द्वारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आंदोलन के दूसरे चरण में माननीय मुख्यमंत्री ,शिक्षा मंत्री,वित्तमंत्री,मुख्य सचिव ,स्कूल सचिव,वित्त सचिव ,संचालक स्कूली शिक्षा के नाम ज्ञापन एस डी एम श्रीमान जागेश्वर कौशल को सौंपा गया। जिला बीजापुर के संघर्ष मोर्चा के संचालक प्रहलाद जैन वा राजेश मिश्रा ,अलीम रिजवी,के नेतृत्व मे सौंपा गया।सौंपे गये ज्ञापन मे माँग की गई है कि मोदी जी की गारंटी के अनुसार सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर की जावे।1.86



गुणांक पर समतुल्य वेतन निर्धारण किया जाये।पूर्व सेवा गणना के आधार पर पुरानी पेंशन निर्धारित कर 20 वर्ष की सेवा मे पूर्ण पेंशन दिया जावे ।माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय अनुसार क्रमोन्नति वा समयमान वेतन दिया जावे।1 जुलाई 2019 से देय तिथि से मँहगाई भत्ते की एरीयर्श राशि का समायोजन जी पी एफ वा सी जी एफ मे किया जावे।शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्राँतीय आहवान पर बीजापुर जिले के चारों विकास खण्डों के शिक्षक साँस्कृतिक मैदान मे एकत्र होकर धरना प्रर्दशन भाषण बाजी कर सरकार को घोषणा पत्र की याद दिलायी।धरना प्रर्दशन को प्रहलाद जैन,राजेश मिश्रा,अलीम रिजवी,पुरुषोत्तम झाड़ी,कैलाश रामटेके,शांति लाल वर्मा,कमल नारायण कुंजाम,शिव पूनेम,पूर्ण चंद बेहरा आदि पदाधिकारियों ने माँगों को लेकर शासन को याद दिलाया।उसके बाद रैली के माध्यम से कलेक्टेड पहूंचकर ज्ञापन सौंपा गया।आंदोलन को सफल बनाने मे प्राँतीय संगठन मंत्री महेश शेट्टी बीजापुर विकासखंड से सुशील हेमला,राकेश गिरि इकबाल खान,विजय चापड़ी,मोहसिन खान,सुनील झाड़ी, प्रेम प्रकाश चापड़ी, विकासखंड भोपालपटनम से योगेश वासम,अनिल जाटव,चंद्र शेखर अप्पाजी, संजय चिंतुर,और भैरमगढ़ से शिव पुनेम , जागेन्द्र राठौर ,कमलेश मिश्रा,महेन्द्र काशी, उसूर विकासखंड से अनिल झाडी ,रुद्र प्रताप झाड़ी व महेश यालम,व अन्य शिक्षक भारी संख्या मे महिला शिक्षक साथी उपस्थित थे। शासन - प्रशासन द्वारा माँगे नही माने जाने पर उग्र आंदोलन किया जावेगा हालाँकि मोर्चा हमेशा से वार्ता का पक्षधर रहा है ।

## एक नजर

### 14 किला गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार



**महासमुंद।** रेलवे स्टेशन में आबकारी विभाग ने अंतररा'यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 14 किलो गांजा जब्त किया गया है, जिसकी कीमत एक लाख 40 हजार रुपए आंकी गई है। तस्करी की सूचना जिला आबकारी नियंत्रण कक्ष में मुखबिर ने दी थी। जिसके बाद आबकारी विभाग के जिला अधिकारी निधीश कुमार कोष्टी ने महासमुंद आरपीएफ और कोतवाली थाने को सूचना दी। टीम ने स्टेशन में घेरेबंदी किया। सादे वर्दी में भी पुलिस तैनात किए गए। जिसके बाद प्लेट फॉर्म नंबर 1 में मुखबिर के बताए हुलिया अनुसार एक अधेड़ ट्रॉली बैग के साथ खड़ा था। पुलिस ने उनसे जब पूछताछ की तो उसने अपना नाम मिथुसिल सागर बताते हुए खुद को नायला हाउस गंगवाल पर्क गली नं-2 जवाहर नगर जयपुर राजस्थान निवासी बताया। जिसके बाद पुलिस उसके यहां आने-जाने की वजह पूछा तो वह गोलमोल जवाब देने लगा। जिसके बाद पुलिस का संदेह पुख्ता हो गया। उन्होंने आरोपी के भूरे रंग ट्रॉली की तलाशी ली। तब वहां 8 पैकेट पीले रंग की पॉलीथिन में 8 किलो, एक सफेद रंग के पॉलीथिन में 1 किलो और 5 हरे रंग के प्लास्टिक पॉलीथिन में 5 किलो गांजा मिला, जिसे बरामदगी के बाद जब्त किया गया।

### दिव्यांगजनों की सामाजिक सुरक्षा और समावेशी वातावरण निर्माण की दिशा में बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित

**महासमुंद।** समाज कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में दिव्यांगों की सामाजिक सुरक्षा और समावेशी वातावरण निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। साइटसेवर्स इंडिया और स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से एक बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाना और उनके लिए एक सुविधाजनक एवं समावेशी वातावरण तैयार करना था। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी, समाजसेवी और विभिन्न सरकारी प्रतिनिधियों ने भाग लिया और दिव्यांगों की सुरक्षा, उनके अधिकारों, और उपलब्ध सेवाओं पर गहन चर्चा की।बैठक का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देने और उनकी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना था। समाज कल्याण विभाग ने इस अवसर पर दिव्यांग-अनुकूल नीतियों के क्रियान्वयन पर जोर दिया और इस बात पर ध्यान केंद्रित किया कि उन्हें समाज में सम्मान और अवसर मिले। सरकारी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचाने और दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाने पर भी चर्चा हुई।

### एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने छत्तीसगढ़ में शुरू किया 'होलिस्टिक रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम'



**रायपुर, छत्तीसगढ़, 25 अक्टूबर।** भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपने सीएसआर कार्यक्रम परिवर्तन के तहत, आज छत्तीसगढ़ में तीन नए स्थानों में अपनी प्रमुख पहल, 'होलिस्टिक रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम' (एचआरडीपी) के शुभारंभ की घोषणा की। एचआरडीपी पहल से कोण्डागांव, दंतेवाड़ा और सुकमा जिलों के 14,000 से अधिक परिवारों को लाभ मिलेगा। महासमुंद जिले में एक फोकस्ड डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) के तहत, बैंक लगभग 1400 युवाओं को स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रदान करेगा, जिसमें 80त्न प्रतिभागियों को नौकरी का प्लेसमेंट भी मिलेगा। ये पहल तीन वर्षों की अवधि के लिए शुरू की जा रही हैं और वित्त वर्ष 27-28 में समाप्त होंगी।छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में एचआरडीपी प्रोजेक्ट्स की एक लॉन्च सेरेमनी आयोजित की गई। एचडीएफसी बैंक की सीएसआर हेड सुश्री नुसरत पठान ने कहा, एचडीएफसी बैंक छत्तीसगढ़ में समाज के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध है, और 'होलिस्टिक रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम'(एचआरडीपी) के माध्यम से, हम हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाने में अपना योगदान देना चाहते हैं। भारत के सबसे अविकसित जिलों में से एक, दंतेवाड़ा में, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले कई परिवार हैं। इन नई परियोजनाओं के साथ, हमारा लक्ष्य क्षेत्र में लोगों के जीवन पर सार्थक परिवर्तन लाना और स्थायी सकारात्मक प्रभाव डालना है। इन परियोजनाओं को इसी तरह की विचारधारा वाले विकास संगठनों (एनजीओ) के सहयोग से लागू किया जाएगा।

# बैठक में स्काउट-गाइड के प्रचार-प्रसार पर दिया गया जोर





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**फिंगेश्वर, 25 अक्टूबर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला गरियाबंद की समीक्षा बैठक राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद ए. के. सारस्वत की विशेष उपस्थिति एवं संयुक्त राज्य सचिव शिवांगी गणवीर,जिला आयुक्त गाइड रेखा शुक्ला,जिला सांख्यकीय अधिकारी श्याम चंद्राकर, प्राचार्य महेन्द्र राम, युवराज साहू, जिला सचिव रोमन लाल साहू,डी ओ सी स्काउट आशीष साहू, डी ओ सी गाइड सीमा साहू की उपस्थिति में जवाहर नवोदय विद्यालय पाण्डुका में आयोजित किया गया।बैठक की शुभारंभ माता सरस्वती पूजा अर्चना एवं स्काउटिंग परंपरा के अनुसार स्काउट प्रार्थना किया गया, जिसके उपरांत जिला सचिव द्वारा जिला गरियाबंद गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. सारस्वत द्वारा स्वागत उद्बोधन किया गया जिसमें उन्होंने जिला के विशेष गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने प्रत्येक विद्यालयों में 10 स्काउट एवं 10 गाइड के यूनिफॉर्म होने पर जोर दिया गया.तत्पश्चात राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव द्वारा अपने उद्बोधन में इस सत्र में जिला गरियाबंद में कुल 77 स्काउट गाइड रोवर रेंजर राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर जिला को बधाई ज्ञापित किया गया. स्काउटिंग गाइडिंग को अपने जीवन में उतारने हेतु गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करने पर जोर दिया गया। उक्त बैठक के माध्यम से गरियाबंद जिला में स्काउटिंग एवं गाइडिंग गतिविधियों के प्रचार प्रसार एवं गतिविधियों को प्रत्येक हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में विद्यालय स्तर पर संचालन, अंशदान पंजीय एवं दल गठन, जिला एवं राज्य स्तर के गतिविधियों में जिला गरियाबंद की सहभागिता पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया गया.उक्त बैठक में जिला टेक्निकल प्रभारी चैतन्य यदु,विकासखंड सचिव फ़िंगेश्वर एस एस कंवर, मैनपुर रामप्रसाद साहू, देवभोग मुराली लाल साहू, छुरा प्रेम लाल साहू, गरियाबंद धर्मेंद्र ठाकुर, गाइडर अंजू डेकर स्काउटर गिरवर यादव, ईश्वर मालाकार, हिऊ राम, सुनील देशलहरे, उत्तम कंसारी एवं जिला से विभिन्न हाइस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के स्काउट गाइड प्रभारी उपस्थित हुए ।उक्त अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त द्वारा देश के प्रधान मंत्री जी के प्रेरणा से हायर सेकेंडरी स्कूल पाण्डुका परिसर में एक पेड़ माँ के नाम पारिजात का पौधा रोपित किया गया।

# कॉफी विद द कलेक्टर में छात्र-छात्राओं ने सफलता के सीखे गुरु मंत्र

**गरियाबंद, 25 अक्टूबर।** गरियाबंद शिक्षा विभाग के द्वारा जिले के विभिन्न हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के बच्चे जो जो 10वीं और 12वीं में प्रथम द्वितीय और त्रितिय स्थान प्राप्त किए हैं। उन्हें आज जिलाधीश दीपक अग्रवाल ने काफी पर इनवाइट कर ÷गौरव गरियाबंद÷ के नाम से चलाई जा रही शिक्षा योजना के तहत मोटिवेट करते हुए कहा इस वर्ष 10वीं और 12वीं के बोर्ड में जिला का नाम रोशन करने की हिदायत देते हुए रायपुर से बुलाए गए विभिन्न मोटिवेशन सस्थाओं के ट्रेनरो के गरियाबंद बुलवाकर इस वर्ष 10वीं और 12वीं के बच्चों को मोटिवेशन कराया गया इस अवसर पर जिलाधीश दीपक अग्रवाल ने बच्चों से कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए परीक्षा के यह तीन माह मोबाइल से आप दूर रहें बहुत जरूरत होने पर ही मोबाइल का उपयोग करें तो निश्चित रूप से सफलता आपको मिलेगी इसे कोई रोक नहीं पाएगा। इस वक्त



इस अवसर पर जिलाधीश दीपक अग्रवाल ने उपस्थित 60 से अधिक बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई में फर्स्ट आना कोई बड़ी बात नहीं है आपको सिर्फ यह करना है आप अपना लक्ष्य और कड़ी मेहनत कर लो अगर आपने यह दृढ़ निश्चय कर लिया कि आपका लक्ष्य उसे उद्देश्य तक पहुंचना है तो आप निश्चित मानिए कि हर स्थिति में उसे उद्देश्य तक पहुंच जाएंगे अगर माईन सेटअप करने भर की आवश्यकता है तो यह एक बड़ी उपलब्धि हो सकती है आपके जीवन में इस वर्ष इस अवसर पर उन्होंने विशेष हिदायत देते हुए कहा कि मोबाइल से परीक्षा तक दूर रहे आपने अगर यह निर्णय ले लिया परीक्षा तक दूर रहेंगे तो अपने आधी सफलता अपने जीवन में प्राप्त कर लिया इस अवसर पर उन्होंने मोबाइल से दूर रहने का बच्चों को शपथ भी दिलवाया साथ ही जिलाधीश ने कहा कि जीवन में अगर आगे बढ़ाना है तो कुछ खुशियों को कुर्बानी देना पड़ता है जिसमें मोबाइल भी एक है आप अपने आगामी तीन माह अगर इससे दूर रहेंगे तो निश्चित मानिए कि सफलता आपके कदम चूमेगी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ऐ.के.सारस्वत ने कहा कि बच्चों को अधिक से अधिक मेहनत कर अपना वह अपने माता-पिता स्कूल व जिले का नाम रोशन करना चाहिए आज जिलाधीश दीपक अग्रवाल जी ने आप लोगों को विशेष रूप से इसीलिए बुलाया है कि गौरव गरियाबंद के नाम पर गरियाबंद जिले का नाम रोशन करना है ।इस अवसर पर मनोज केला ने मोटिवेशन देते हुए कहा की परीक्षा कोई बहुत कड़ा या महनत नहीं मागता जरूरत है तो इसे समझने की और शांत मन से प्रश्नों के उत्तर लिखने की कला आनी चाहिए बस ।इस अवसर पर मोटिवेशन के रूप में फिल्म भी चला कर बच्चों को दिखलाया गया जिसमें विभिन्न तरह के प्रश्नों को किस तरह हल किया जाना चाहिए और किन-किन दीपों के सहारे अधिक नंबर प्राप्त किया जा सकते हैं इसका भी ट्रिक बतलाया गया जो काफी प्रभावशाली था बच्चों को बतलाया गया कि उन्हें परीक्षा की तैयारी किस तरह करना चाहिए किन-किन स्थितियों में क्या दिक्कतें आती है और उसे कैसा हाल किया जा सकता है और परीक्षा में अधिक से अधिक नंबर प्राप्त किया जा सकते हैं इस अवसर पर विशेष रूप से कुछ मोटिवेटरो को भी बुलाया गया था जिन्होंने बच्चों को मोटिवेट कर पढ़ने में अग्रसर करने के तरीके बदलते हुए उन्हें आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया ।

# जिले के अंतिम छोर पर स्थित पामेड़ का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,25 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने बुधवार को जिले के अंतिम छोर पर बसे पामेड़ क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर पुल-पुलिया, सड़क, अद्योसंरचना निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न जनहित से जुड़े विकास कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार भी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अपने भ्रमण के दौरान पामेड़ से बासागुड़ा को पक्की सड़क से जोड़ने धरमारम में निर्मित हो रहे उच्चस्तरीय पुल का निरीक्षण कर संबंधित विभाग को 31 दिसंबर से पूर्व उक्त पुल एवं एप्रोच रोड़ को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पामेड़ के निरीक्षण के दौरान दवाईयों की उपलब्धता, मरीजो को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं छात्रावास, पोटाकेबिन



एवं स्कूली बच्चों को एक माह के भीतर मीजल्स का टीका पूर्ण कराने, पामेड़ क्षेत्र के हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड का तेलंगाना के चिकित्सालयों में स्वीकार नहीं करने संबंधी जानकारी प्राप्त होने पर सीएमएचओ बीजापुर को तेलंगाना के चिकित्सालयों से संपर्क स्थापित कर निराकरण करने को कहा एवं स्वास्थ्य केन्द्र में स्थानीय स्तर के मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने जीवनदीप समिति के राशि का उपयोग करने की बात कही। पोषण पुनर्वास के माध्यम से कुपोषित बच्चों को शतप्रतिशत लाभान्वित करने केन्द्र में दर्ज कराने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान किडनी से संबंधित बीमारी की जानकारी मिलने पर वस्तुस्थिति से अवगत कराने आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। पामेड़ में निर्माणधीन 20 बिस्तर अतिरिक्त कक्ष को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण कराने, परिसर को स्वच्छ रखने, गर्भवती माताओं को प्रसव हेतु स्वास्थ्य केन्द्र तक लाने, परिवहन की सुविधा पंचायत द्वारा कराए जाने, चिंतावागु में मोबाईल टावर को प्राथमिकता के साथ स्थापित कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान पोटाकेबिन एवं छात्रावास में मीनू आधारित भोजन उपलब्ध कराने सहित संस्था में विद्युत व्यवस्था, पंखो की मरम्मत, मच्छर से बचाव हेतु खिड़कियों में जाली लगाने के निर्देश दिए। वहीं दर्ज के अनुपात में बच्चों की कम उपस्थिति पर मौके पर उपस्थित सरपंच को उपस्थिति बढ़ाने के लिए आवश्यक पहल करने को कहा। दशहरा एवं दीपावली त्यौहार के कारण उपस्थिति कम होने की जानकारी मिली थी। उच्चतर माध्यमिक शाला पामेड़ में छात्रों से चर्चा के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से पढ़ाई करने एवं शाला में कक्ष की मांग किए जाने पर निर्मित हो रहे अतिरिक्त कक्ष को तत्काल पूर्ण करने तथा सुधार करने एवं अन्य मूलभूत कमियों में सुधार करने को कहा।

वहीं एसडीएम उसूर श्री भूपेन्द्र गावरे को प्रत्येक माह कम से कम एक बार पामेड़ क्षेत्र का भ्रमण कर बुनियादि सुविधाओं की जानकारी लेने के लिए निर्देशित किया।

# जिले के सभी कॉलेजों के संयुक्त तत्वावधान में जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत विषय पर कार्यशाला का आयोजन



**बीजापुर,25 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय शहीद वेंकटराव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीजापुर में आज 24 अक्टूबर 2024 को शासकीय शहीद वेंकटराव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीजापुर, शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय बीजापुर, नवीन शासकीय महाविद्यालय कुटरु बीजापुर, वीर नांगुल दोरला शासकीय महाविद्यालय आवापल्ली बीजापुर, उपरोक्त महाविद्यालयो के संयुक्त तत्वावधान में जनजाति समाज का गौरव शाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री शंकर कुड़ियम अध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर, विशिष्ट अतिथि श्रीमती नीना रावतीया सदस्य जिला पंचायत बीजापुर, मुख्य अतिथि द्वारा जनजाति समाज के रहन सहन, आचार विचार को महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के समक्ष रखा गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे नारायण द्वारा भारत के जनजाति नायकों के योगदान पर प्रकाश डाला गया।जनजाति समाज के गौरव शाली अतीत विषय आधारित एक दिवसीय कार्यशाला के प्रमुख वक्ता श्री महेन्द्र नायक समाज सेवी द्वारा भारत के अनेक क्षेत्रों के उन जन नायकों के योगदानों से विद्यार्थियों का परिचय कराया जिनके नामों से अधिकतर विद्यार्थी अनभिज्ञ थे चाहे वह नाम तिलका मांझी का हो या अल्लूरी सीता राम राजू की कहानी का हो या फिर गुण्डाधुर की या फिर हो कोम राम भीम की कहानी। कार्यक्रम संरक्षक डॉ. अमर सिंह साहू द्वारा जनजाति समाज के संस्कृति, धर्म, खान-पान, वेशभूषा आदि आदिवासी की पहचान होती है और आदिवासियों की कृषि एवं अन्य पक्षों से जुड़े त्योहारों के बारे में बताया, साथ ही जनजातीय नायकों के वीरता एवं उनके संघर्षों के बारे में उद्बोधन दिए। कार्यक्रम मे सभी संकाय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली, निबंध, क्विज प्रतियोगिता जनजाति नृत्य के माध्यम से कार्यक्रम को और भी आकर्षक बनाया गया। सभी विधाओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में उपर उल्लेखित चारों महाविद्यालयों के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ, मिडिया साथी एवं समस्त छात्र-छात्राये उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम सफलता पुर्वक सफल हुआ।

# आखिर क्यों मेहरबान हैं हमराज पार्टी पर एसी ट्राइबल

**बीजापुर,25 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अनुसूचित क्षेत्र बीजापुर जिले में पदस्थ आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त एक राजनीतिक पार्टी पर कुछ ज्यादा ही मेहरबान नजर आ रहे हैं। सर्व



आदिवासी समाज का आरोप है कि राजनीतिक दल के अध्यक्ष को सामाजिक अध्यक्ष के रूप में शासकीय कार्यक्रमों शामिल कर सामाजिक पदाधिकारियों की उपेक्षा की जा रही है। सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने कहा है कि सर्व आदिवासी समाज एक गैर राजनीतिक संगठन है तथा आदिवासियों के हर संवैधानिक हक और अधिकार के लिए संघर्षरत रहा है। बस्तर संभाग सहित बीजापुर जिले के सभी आदिवासी समुदाय का अग्रणी एक मात्र पंजीकृत संगठन सर्व आदिवासी समाज हर तबके के आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक विकाश सहित आदिवासी समाज के हक और अधिकार के लिए हमेशा से राज्य सत्ता को सचेत करता रहा है। सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने कहा है कि बीजापुर में पदस्थ आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त हमरराज पार्टी के अध्यक्ष को सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष के तौर पर शासकीय कार्यक्रमों शामिल कर आदिवासी समाज की उपेक्षा कर रहे हैं। जग्गूराम तेलामी ने कहा कि जल्द ही पूरे मामले को लेकर महामहिम राज्यपाल को अवगत कराया जाएगा तथा जिले में चल रहे आदिवासी उत्पीड़न मामले में सहायक आयुक्त की उदासीनता को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# बैगा, गुनिया सिरहा, मांझी सम्मेलन जिला कार्यालय में आयोजित

**बीजापुर,25 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैगा, गुनिया, सिरहा, मांझी सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने जिले के सुदूर क्षेत्रों से पहुंचे बैगा, गुनिया, मांझी, सिरहा से संवाद स्थापित कर उनके व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं एवं उनके मांगो से अवगत हुए। इस दौरान विकासखण्ड वार सभी प्रतिनिधियों ने अपने-अपने गांवो की समस्या एवं मांग कलेक्टर के समक्ष रखे। सुदूर क्षेत्रों में ईलमिड़ी, मंगनार, सागमेटा, बेदरे, गुदमा, मंगापेठा, सकनापल्ली, मिनकापल्ली, चिंताकुंटा सहित अन्य स्थानों से पहुंचे प्रतिनिधियों ने देवगुड़ी निर्माण, देवगुड़ी परिसर में बिजली, पानी बाऊंड्री, वन अधिकार पत्र, रोड निर्माण जैसे आवश्यकतानुसार मांग रखी जिस पर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने एक सप्ताह के भीतर संबंधित विभागीय अधिकारी एवं मैदानी अमलो से वस्तुस्थिति का अवलोकन कर आवश्यकतानुसार प्राथमिकता के साथ मांगो को पूरा करने एवं राज्य स्तर पर किए जाने वाले कार्यो के लिए आवश्यक पत्राचार कर उच्च अधिकारियों को सूचित कराने का आश्वासन दिया। वहीं बैगा, गुनिया सिरहा से आग्रह करते हुए कहा कि पारंपरिक रीति रिवाज से जड़ी-बुटी इत्यादि के माध्यम से उपचार करते रहे परंतु सर्पदंश, कुता काटने जैसे मामले पर गंभीरता बरते। त्वरित नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र लेकर जाएं एवं किसी भी प्रकार के बीमारी पर केवल जड़ी-बुटी पर निर्भर न रहकर स्वास्थ्य विभाग के डाक्टर्स, नर्स से समन्वय स्थापित कर बेहतर कार्य करें ताकि किसी की जिंदगी खतरे में न पड़े छत्तीसगढ़ शासन एवं केन्द्र सरकार द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है उसका अधिक से अधिक लाभ उठाए। आयुष्मान कार्ड बनाने एवं 5 लाख तक निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा के बारे में भी कलेक्टर ने बताया।इस दौरान सर्वआदिवासी समाज के अध्यक्ष श्री अशोक तलाण्डी ने छत्तीसगढ़ शासन के इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रशासन और जनसाधारण के बीच इस तरह का सम्मेलन बहुत ही लाभदायक है और इस पहल से हम सभी को लाभ मिलेगा खुले मंच में प्रमुखता के साथ प्रशासन के समक्ष हम अपनी मांग रख रहे हैं ।

# शिक्षक-पालक बैठक में कई विषयों पर की गई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया, 25 अक्टूबर।** दिनांक 21.10.2024 को प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला तथा हाई स्कूल पामगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक पालक मेगा बैठक पीटीएम का आयोजन किया गया। जिसमे पालकों तथा एसएमसी अध्यक्ष तथा सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।माध्यमिक शाला प्रधानपाठक श्री प्रेमसागर तिवारी तथा प्राथमिक शाला प्रधानपाठक श्रीमती भुनेश्वरी मंथन के द्वारा बैठक के सभी एजेंडो पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमे प्राथमिक, माध्यमिक तथा हाई स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।बैठक मे मुख्य रूप से तिमाही परीक्षा परिणाम, विद्यार्थी विकास सूचकांक, अपार आईडी, जाति प्रमाण पत्र, एफएलएन, शिक्षा गुणवत्ता आदि पर विशेष फोकस करते हुए पालकों को उनके बच्चों के प्रति जागरूक तथा सजग रहने और सतत अवलोकन करने हेतु समझाया गया। सभी पालकों ने सुनते समझते हुए अपने विचार भी प्रस्तुत किये।



**छात्रों के लिए पुरस्कारों की लगी झड़ी -** पामगढ़ की सरपंच दिलेश्वरी राठिया के द्वारा पिछले साल के परीक्षा परिणाम के आधार पर कक्षा में प्रथम आने वाले तथा साल भर में सबसे अधिक उपस्थिति वाले छात्रों को प्रति छात्र 1000 रूपये तथा कक्षा में द्वितीय स्थान पाने वाले और सालाना उपस्थिति में द्वितीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को 500 रूपये प्रति छात्र प्रोत्साहन राशि कक्षा पहली से दसवीं तक प्रदान की गई तथा सरपंच द्वारा ग्राम पामगढ़ में सरकारी नौकरी पाने वाले प्रथम व्यक्ति को 11000 रूपये पुरस्कार स्वरुप देने की घोषणा की गई है। ग्राम के युवा समिति (श्री हरिवंश पटैल, दिलेश्वर पटैल तथा प्रिन्स टेलर ) के द्वारा भी पिछले साल प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को कॉपी और पेन प्रदान किया गया।प्राथमिक शाला पामगढ़ के एसएमसी अध्यक्ष श्री चन्द्रकांत पटैल के द्वारा तत्कालिक तिमाही परीक्षाफल परिणाम के आधार पर ए तथा ए प्लस में आने वाले विद्यार्थियों को कॉपी, पेन एवं पेंसिल वितरण किया गया तथा इनके द्वारा समय-समय पर शाला में आकर बच्चों के शैक्षिक स्तर अनुरूप प्रश्नोत्तरी, शिक्षा गुणवत्ता, सुन्दर लिखावट कराया जाता है तथा प्रतिभाशाली बच्चों को तत्काल पुरस्कृत किया जाता है। जिससे बच्चे उनके आने पर बहुत उत्साहित और खुश रहते है। इसके अलावा ग्राम गणमान्य श्री दिनेश पटैल तथा मिडिल स्कूल एसएमसी अध्यक्ष श्री सनत पटैल द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रथम तथा द्वितीय आने वाले छात्रों को विधानसभा रायपुर भ्रमण में ले जाने की घोषणा की गई है।

# राष्ट्रपति की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**भिलाई, 25 अक्टूबर।** भिलाई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भिलाई दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। गुरुवार की सुबह से ही सुरक्षा व्यवस्था की रिहर्सल की गई उनकी सुरक्षा के तौर पर आईजी, डीआईजी स्तर के अधिकारी समेत एक हजार से ज्यादा जवानों की तैनाती की गई है वहीं प्रमुख रूटों पर भी खास निगाहें रखी जाएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 26 सितंबर को अपने भिलाई दौरे पर आईआईटी भिलाई आ रही हैं राष्ट्रपति आईआईटी भिलाई के दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में शिरकत करेंगी ऐसे में उनके दौरे को लेकर शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं वहीं कार्यक्रम स्थल तक का पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं राष्ट्रपति की सुरक्षा में आईजी, डीआईजी, एसपी, कई एएसपी, डीएसपी और थानेदारों से अतिरिक्त एक हजार से अधिक जवानों की तैनाती की गई है एएपी अभिषेक झा ने बताया कि राष्ट्रपति की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं

## बारनवापारा अभयारण्य में तीन दिवसीय आयोजन

# बटरफ्लाई मीट में विभिन्न प्रजाति के तितलियों से प्रतिभागी हुए रू-ब-रू



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 अक्टूबर।** बारनवापारा अभयारण्य में 21 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक बटरफ्लाई मीट तृतीय संस्करण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऑनलाईन एवं ऑफ्लाईन पंजीकृत प्रतिभागियो तथा रिसोर्स पर्सन सम्मिलित होकर विभिन्न प्रजाति के तितलियों से रूबरू हुए।

प्रतिभागियों ने वनक्षेत्र में सुबह एवं शाम को स्थानीय स्टाफके साथ पैदल भ्रमण कर बारनवापारा अभयारण्य में पाये जाने वाले तितलियों की पहचान एवं फोटोग्राफी किया। बारनावापारा अभयारण्य में प्रमुख रूप से इंडियन नवाब, ब्लैक राजा, ऑरंज ओक लीफ, ट्राई कलर्ड पाइड फ्लैट और मंकी पजल, क्रिमसन रोज जैसे दुर्लभ तितलियां पाए जाते हैं हैं। डनैड एज फ्लाई शेड्यूल 1 में शामिल है। इस दौरान ट्रेल में तितलियों के संबंध में विशेषज्ञों के द्वारा रोचक जानकारी दी गई। सम्मिलित प्रतिभागियों के लिए पर्यटक ग्राम बारनवापारा में रात्रि विश्राम एवं भोजन आदि की व्यवस्था की गई थी। बटरफ्लाई मीट 2024 के तृतीय संस्करण के समापन अवसर पर मुख्य रूप से अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक संगीता गुप्ता, मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं क्षेत्र संचालक उदन्ती-सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर सतोविशा समाजदार, वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार मयंक अग्रवाल उपस्थित रहे।उपस्थित अतिथियों के द्वारा बटरफ्लाई मीट के प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदाय कर कार्यक्रम समापन की घोषणा किया गया। इस अवसर पर अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य आनंद कुदरया, परिक्षेत्र अधिकारी बारनवापारा सुनिल खोब्रागढ़े, परिक्षेत्र अधिकारी कोठारी जीवन लाल साहू, गितेश बंजारे, परिक्षेत्र सहायक बारनवापारा, गोपाल प्रसाद वर्मा, परिक्षेत्र सहायक पूर्णिमा वर्मा, नंद कुमार बघेल, नेहरू राम निषाद तथा अभयारण्य के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई जारी, 4 हाइवा सहित 8 वाहन जब्त



**बलौदाबाजार, 25 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में जिला प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को राजस्व एवं खनिज विभाग की टीम द्वारा अवैध रेत परिवहन करते 4 हाइवा सहित 8 वाहन ज़ब्त किया गया है। जिला खनिज अधिकारी के. के. बंजारे ने बताया कि अनुभाग कसडोल अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आर. आर. दुबे के नेतृत्व में राजस्व की टीम ने बुधवार शाम को कसडोल क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन की जांच की गई।जांच के दौरान महानदी क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन में संलिप्त 4 हाइवा और 2 ट्रेक्टर जब्त किया गया। तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम गिधपुरी क्षेत्र में खनिज विभाग की टीम की जाँच में अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त 2 ट्रेक्टर जब्त कर वाहन नजदीकी थाना के सुपुर्दगी में रखा गया है। यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत किया गया है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। ज्ञातव्य है कि राज्य शासन की मंशानुरूप अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर जिला प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। राजस्व एवं खनिज विभाग की टीम द्वारा अवैध रेत उत्खनन की जाँच की जा रही है।

### एक नजर

## आबकारी विभाग ने 33 हजार रुपये से अधिक मूल्य की महुआ शराब जब्त की



**बलौदाबाजार, 25 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले की सयुंक्त टीम के द्वारा वृत्त बलौदाबाजार के ग्राम सुढहेली में बुधवार को दबिश दी। मौक़े पर बाजार मूल्य 33900 रुपये का महुआ शराब व महुआ लहान मिला जिसे जब्त की गई। अज्ञात आरोपीयों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(2),59(क) का प्रकरण कायम कर पतासाजी किया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी गजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि संयुक्त टीम द्वारा ग्राम सुढहेली में दबिश के दौरान 1 चढ़ी हुई भट्टी मिला तथा 03 जरीकेन में 20-20 लीटर का 60 लीटर तथा 60 नग पाउच में 15 लीटर कुल 75 लीटर महुआ मदिरा जब्त किया गया एवं महुआ शराब निर्माण के लिए तैयार 22 बोरियों में भरी 20- 20 किलोग्राम कुल 440 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया तथा सैंपल लेकर गवाहों के समक्ष महुआ लाहन नष्टीकरण किया गया। उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश सिंह,आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, मोतिन बंजारे, आबकारी मुख्य आरक्षक मदनलाल ध्रुव, नगर सैनिक दुर्गेश्वरी , राजकुमारी पैकरा का योगदान रहा।

## छूटे हुए हितग्राहियों के आयुष्मान पंजीयन के लिए विशेष अभियान

**बलौदाबाजार, 25 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत प्रधामंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत जिले में आयुष्मान पंजीयन हेतु छुटे हुए हितग्राहियों के लिए सभी विकासखण्ड के 30-30 ग्रामों एवं नगरीय निकाय में 25 अक्टूबर 2024 को विशेष अभियान चलाकर आयुष्मान पंजीयन किया जायेगा। आयुष्मान पंजीयन किये जाने हेतु आवश्यक दस्तावेज के रूप में राशनकार्ड एवं आधार कार्ड लेकर आना अनिवार्य है। कलेक्टर सोनी ने आयुष्मान पंजीयन के लिए छूटे हुए लोगों से शिविर में जाकर आयुष्मान कार्ड पंजीयन कराकर जरूरत के समय आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठाने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि इस हेतु मितानिन, एम टी, स्वास्थ्य कर्मी पंजीयन हेतु जुटे हुए हैं तथा घर-घर जा कर कार्ड बनाया जा रहा है। इस कार्य मे पंचायत के जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जा रहा है। योजना के लाभ और उसकी आवश्यकता का भी प्रचार-प्रसार मितानिन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता कर रहे हैं। इसके लिए गांव-गांव में दीवार लेखन एवं मुनादी भी कराया जा रहा है। यह कार्ड जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पतालों में भी बन रहे हैं। जिला सलाहकार विनय मिश्रा ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत परिवार की पात्रता अनुसार अंत्योदय कार्ड और प्राथमिकता राशन कार्डधारी परिवार को पाँच लाख रुपए तक के इलाज की सालाना सुविधा इन कार्डो से मिलेगी।

## अवैध शराब पर संयुक्त टीम की बड़ी कार्रवाई

# 3.91 लाख की महुआ शराब, लाहन जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 25 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर एवं जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र कसडोल के ग्राम-घटमड़वाडेरा सिमगा के ग्राम गणेशपुर, पलारी के ग्राम खैरी में दबिश देकर करीब 3 लाख 91 हजार रुपये बाजार मूल्य क़ा महुआ शराब व महुआ लाहन जब्त किया गया।

संयुक्त टीम द्वारा कसडोल क्षेत्र के ग्राम घटमड़वाडेरा में दबिश दी गई। मौके पर 200 लीटर महुआ मदिरा जप्त किया गया एवं महुआ शराब निर्माण के लिये तैयार 60 बोरियों में भरी 50-50 किलोग्राम में 450 किलोग्राम कुल 2850 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया तथा सैंपल लेकर गवाहों के समक्ष महुआ लाहन नष्टीकरण किया गया। अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(2), 59(क) का प्रकरण कायम किया गया।इसी प्रकार थाना सिमगा एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र सिमगा के ग्राम गणेशपुर में दबिश दी गई। मौके पर 3 प्रकरण कायम किये गये जिसमें से थाना सिमगा द्वारा 15 लीटर हाथभठ्ठी महुआ शराब एवं आबकारी विभाग द्वारा 20 लीटर हाथभठ्ठी महुआ शराब जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(2), 59(क) का प्रकरण कायम किया गया। इसी प्रकार आबकारी विभाग द्वारा 110 लीटर महुआ शराब एवं 1260 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया तथा सैंपल लेकर गवाहों के समक्ष नष्टीकरण किया गया। अज्ञात आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(2), 59(क) का प्रकरण कायम किया गया।इसी प्रकार आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र पलारी के ग्राम खैरी में दबिस दी गई। मौके पर 40 लीटर महुआ शराब एवं 1200 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया तथा सैंपल लेकर गवाहों के समक्ष नष्टीकरण किया गया। अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(2), 59(क) का प्रकरण कायम किया गया। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, मोतिन बंजारे, दिनेश कुमार साहू, देवनंदन, थाना प्रभारी सिमगा योगिता खापर्डे एवं हमराह स्टाफ, आबकारी मुख्य आरक्षक देवी प्रसाद तिवारी, राधागिरी गोस्वामी, नगर सैनिक दुर्गेश्वरी, कमल वर्मा, राजकुमारी पैकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 15 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार



**सिमगा, 25 अक्टूबर।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सिमगा पुलिस द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में भारी मात्रा में महुआ शराब बनाने की मुखबिर सूचना पर 23 अक्टूबर को थाना सिमगा एवं आबकारी विभाग के संयुक्त टीम द्वारा सुनियोजित योजना बनाकर ग्राम गणेशपुर में छापा मारा गया। इस दौरान मौके पर अवैध महुआ शराब के सांथ आरोपी कृष्ट मसीह उर्फविधी मसीह को पकडा गया है। आरोपिया से 3000 कीमत मूल्य का 15 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। कि प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध थाना सिमगा में अपराध क्र. 418/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपिया को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# गुरुसिंग सभा में अरुण छाबड़ा सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 25 अक्टूबर।** पंजाबी गुरुद्वारा धन धन बाबा बुड्ढा साहिब के जन्मदिवस पर कीर्तन संमागम के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में गुरूद्वारा के प्रधान सरदार हरिकिशन राजपूत जी एवं गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ सिख संगठन के संयोजक अरूण छाबड़ा बंटी समाज सेवी को मानव सेवा एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया।

गौरतलब है कि अरूण छाबड़ा बंटी को पूर्व में भी कई समाज सेवी संस्थाएं एवं मानद उपाधि डॉक्टरेट से भी सम्मानित किया जा चुका है। नगर सिख समाज के सम्मानित सदस्य और नगर में पर्यावरण, सामाजिक धार्मिक साहित्यिक शिक्षा खेल-कूद सांस्कृतिक सेवाओं में लगातार बढ़-चढ़कर हिस्सा लेतें हैं। उनके सम्मानित होने पर हरपाल सिंह भांमरा, नितिन भंसाली, दलजीत चावला, लवली अरोरा, बलजीत सिंह चावला गुरु भेज सिंह बलजीत सिंह भल्ला, मनमीत सिंह, रंजीत अरोरा, गुरुचरण सिंह, गुरुभेज सिंह टोनी, नीकू सलूजा, सोनू सलूजा, राजकुमार मल, देवेन्द्र भृगु, सुधीर मिश्रा, रूपेश मिश्रा आलोक मोदी, कैलाश बालानी, तंजीव अरोरा, अनिल जयसवाल, सुनील दुबे, इकबाल अहमद, दिनेश सोनी, महेंद्र सिंह सलूजा हर भगवान छाबड़ा त्रिलोक सिंह सलुजा, हरमिंदर सिंह चावला, देवेन्द्र सचदेव, कन्हैया सेठी, राजा टूटेजा, मंजीत छाबड़ा, सुशील छाबड़ा, लक्की छाबड़ा पूर्वांश छाबड़ा, गुलशन वर्मा, सुरज शर्मा, बलवंत छाबड़ा, विक्की सलूजा, बलविंदर सिंह, मनजीत सिंह सप्पल, अमरजीत सलूजा, नरिन्दर सिंह बाली, जॉनी राणा, रघबीर मक्कड़, इन्द्रजीत राणा, राजकुमार छाबड़ा ने बधाई दी है।

## तंबाकू सेवन व धूम्रपान की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय करने दिए निर्देश

बालोद, 25 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मंगलवार 22 अक्टूबर को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय फ्लोरोसिस रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक लेकर जिले में इस कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में चन्द्रवाल ने स्वास्थ्य, समाज कल्याण विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को तंबाकू सेवन एवं धूम्रपान की रोकथाम हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सूर्यवंशी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.202407142400038/ अ-2/2023-24
साकिनः-हल्बा, प.ह.नं.-27

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि सुरेश पिता गैंदलाल, जाति कलार, निवासी ग्राम देवीनवांगांव, तहसील नरहरपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम हल्बा, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 126/5 रकबा 0.02 हेक्ट. को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 28.10.2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 07.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चारामा**
(मुहर) **जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.202407142400037/ अ-2/2023-24
साकिनः-हल्बा, प.ह.नं.-27

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि लोकनाथ पिता जगराम, जाति तेली, निवासी ग्राम नावडबरी, तहसील नरहरपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम हल्बा, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 126/6 रकबा 0.01 हेक्ट. को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 28.10.2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 07.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चारामा,**
(मुहर) **जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**

**कार्यालय कलेक्टर जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा (जिला निर्माण समिति)**

**:: मैनुअल पद्धति द्वितीय आमंत्रण सूचना ::**

निविदा विज्ञप्ति क्र. 11/जि.नि.स./लो.नि.वि./24-25 दन्तेवाड़ा, दिनांक 23/10/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | आस्था स्कूल किरन्दुल (मदाड़ी) में प्रवेश द्वार एवं गार्ड रूम निर्माण कार्य। | 46.92 |
| 2 | मड़कामीरास में 50 सीटर आदिवासी प्री. मै. कन्या छात्रावास निर्माण कार्य। | 191.51 |
| 3 | जंगमपाल में 50 सीटर कन्या आश्रम का निर्माण कार्य। | 162.76 |
| 4 | समेली में 100 सीटर आदिवासी पो.मै. कन्या छात्रावास का निर्माण कार्य। | 191.51 |
| 5 | स्वीमिंग पुल निर्माण कार्य जावंगा (भाग -01 से 07) | 264.88 |
| | **कुल 05 कार्य** | **857.58** |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. नोडल अधिकारी, कार्यपालन अभियन्ता, लो.नि.वि. दक्षिण बस्तर संभाग दन्तेवाड़ा।
4. **निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 11-11-2024 है।**

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**अपर कलेक्टर/नोडल अधिकारी**
(जिला निर्माण समिति)
जिला दक्षिण बस्तर
दन्तेवाड़ा

जी-242503402/7

**कार्यालय नगर पंचायत बस्तर, जिला-बस्तर (छ.ग.)**

क्रमांक/1029/लो.नि.वि./न.पं./2024 बस्तर, दिनांक 24/10/2024

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से निम्न निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 05.11.2024 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 06.11.2024 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि - 13.11.2024 3.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 13.11.2024 4.00 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | राशि | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-02 अर्जुन घर से लक्ष्मण घर तक 90 मीटर) | 2.46 | 2500 |
| 2 | पुलिया निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-03 चैवन घर के पास) | 2.00 | 2000 |
| 3 | सी.सी. सड़क निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-07 नेहरू घर से अनीता घर तक) | 3.38 | 3500 |
| 4 | सी.सी. सड़क निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-12 अनिल ओझा घर से महेन्द्र सेन घर तक) | 3.38 | 3500 |
| 5 | बी.टी. रोड निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-03 नेगीराज के खेत के पास से चैवन दुकान तक) | 10.86 | 8500 |
| 6 | आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-12 बबलु चाचा के दुकान से मनीष पटेल के दुकान तक) | 3.29 | 3500 |
| 7 | आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-12 सुलधर घर के पीछे से डामर रोड तक) | 3.56 | 3600 |
| 8 | सी.सी. सड़क निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-12 शिवा घर से डामर रोड तक) | 3.69 | 3700 |
| 9 | सी.सी. सड़क निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-04 संदिप भदौरिया घर भीम परिहार घर तक) | 4.00 | 4000 |
| 10 | आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (वार्ड क्र.-12 आंगनबाड़ी से सामुदायिक भवन तक 150 मी.) | 4.11 | 4200 |
| 11 | अधिकारी/कर्मचारी आवास मरम्मत कार्य (वार्ड क्र.-03) | 6.00 | 4500 |
| 12 | लो-बेड ट्राली हाईड्रोलिक ट्रेक्टर क्षमता 6 टन | 7.00 | 5500 |

उक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत बस्तर**


## कंट्रोल रूम का सम्पर्क नम्बर जारी करने के निर्देश, 33 नवीन खरीदी केंद्र बनाने का प्रस्ताव

# धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया का शत-प्रतिशत अनुपालन करें : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 25 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को खाद्य, सहकारिता एवं जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों की बैठक लेकर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने धान खरीदी हेतु शासन द्वारा निर्धारित प्रकिया का शतप्रतिशत अनुपालन करते हुए खरीदी केंद्रों में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी समितियों के सूचना पटल पर खरीदी प्रक्रिया चस्पा करने तथा जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर संपर्क नम्बर जारी करने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि समर्थन मूल्य धान खरीदी राज्य शासन की महत्वर्ण कदम है तथा किसानो को भी धान बेचने के लिए बेसब्री से इंतजार रहता है। शासन की मंशानुरूप सभी उपार्जन केंद्रों में खरीदी के लिए आवश्यक सभी तैयारी समय पर पूर्ण करें। किसी भी खरीदी केंद्र में धान बेचने में किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए बल्कि उन्हें सुखद अनुभूति होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी खरीदी केंद्र में किसानों की समस्या संबधित शिकायत मिलने पर जिम्मेदारों पर कार्यवाही होगी। उन्होंने पंजीयन के लिए छूटे हुए किसानों के नवीन पंजीयन को गंभीरता से लेते हुए 31 अक्टूबर तक पंजीयन करने कहा तथा पंजीयन में ऑपरेटरों द्वारा कोताही बरतने पर हटाकर दूसरा ऑपरेटर रखने के निर्देश दिए।उन्होंने समिति के प्राधिकृत अधिकारियों को ऑपरेटरों के कार्यो पर कड़ी निगरानी के भी निर्देश दिए। उन्होने जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधको को निर्देशित किया कि धान बेचने के उपरांत किसानों के खाते में राशि के अंतरण या अन्य बैंकिंग संव्याहर में कोई दिक्कत न हो।फुटकर बिक्रेताओं के लिए निर्धारित मात्रा में खरीदी - भंडारण तथा बिचौलिए पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सोनी ने कहा कि वर्तमान में जिले में 166 खरीदी केंद्र है जिसे बढ़ाने के लिए 33 नवीन केंद्रों क़ा प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। नवीन केंद्र स्वीकृत होने पर धान खरीदी के लिए सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने धान खरीदी के लिए पर्याप्त मात्रा में बारदानों की उपलब्धता के लिए समितियो में भी बारदाने सुरक्षित रखने कहा। बैठक में प्रभारी जिला खाद्य अधिकारी अमित शुक्ला, जिला विपणन अधिकारी निधि शशांक दुबे सहित सहकारिता विभाग के अधिकारी, खाद्य निरीक्षक, सहकारिता निरीक्षक, जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक, प्राधिकृत अधिकारी उपस्थित थे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26